

**मार्वल प्रौद्योगिकी, इंक।**

# व्यापार संहिता और आचार नीति

© 2022 मार्वेल। सभी अधिकार सुरक्षित।

# विषय सूची

**हमारी व्यापार आचार संहिता एवं नैतिकता ........................ 3**

दुनिया भर में हमारा व्यापार करने का तरीका

मार्वल के अहम व्यवहार

इस संहिता की प्रयोजनीयता

**कैसे आवाज़ उठाएँ या मदद लें ...................................... 5**

**मैट मर्फी की ओर से नोट ............................................... 6**

**हमारे व्यापार आचरण .................................................. 7**

भ्रष्ट गतिविधियों से बचना

व्यापारिक भागीदार

व्यापारिक उपहार, मनोरंजन अथवा आतिथ्य देना और लेना

सरकारी कर्मचारियों के साथ उपहार और मनोरंजन

व्यापारिक खर्चे

उचित प्रतिस्पर्धा

प्रतिस्पर्धात्मक जानकारी

वैश्विक व्यापार विनियमों का अनुपालन

मनी लॉन्डरिंग (काले धन को वैध बनाने संबंधी) स्थितियों से बचना

**हमारी काम की जगह .................................................... 13**

हितों के टकराव से बचना

गोपनीय कर्मचारी जानकारी

कार्यस्थल में पारिवारिक और व्यक्तिगत संबंध

तीसरे पक्ष के व्यापार भागीदारों के साथ पारिवारिक और व्यक्तिगत संबंध

व्यक्तिगत और कार्यस्थल संबंध

कार्पोरेट अवसर

व्यक्तिगत निवेश

मार्वल की संपत्ति की सुरक्षा करना

टेक्नोलॉजी का प्रयोग

मार्वल की गोपनीय जानकारी

मार्वल की बौद्धिक संपदा

दूसरों की गोपनीय जानकारी और बौद्धिक संपदा

तीसरे पक्ष के सॉफ्टवेयर और ओपन-सोर्स सॉफ्टवेयर का प्रयोग

तकनीकी मानक समूह

अनुबन्ध और प्रतिबद्धताएं

साइड लेटर

उत्पीड़न और भेदभाव

गोपनीय कर्मचारी जानकारी

कार्यस्थल संबंधी निजता

सोशल मीडिया का उचित उपयोग

समर्थन

**हमारे शेयरधारक ......................................................... 25**

इनसाइडर ट्रेडिंग (भेदिया व्यापार) और टिपिंग (गुप्त सूचना) से बचना

मीडिया और वित्तीय समुदाय के साथ संप्रेषण

उद्योग सलाहकार अथवा उद्योग विशेषज्ञ

सार्वजनिक वक्तव्य और प्रकाशन

वित्तीय मामले और व्यापारिक प्रथाएं

व्यापारिक रिकॉर्ड

रिकॉर्ड बनाए रखना और कानूनी रोक

**हमारे समुदाय ............................................................. 31**

राजनीतिक योगदान

लोक सेवा और स्वयंसेवा

मानवाधिकार

**कार्रवाई करना ........................................................... 32**

संहिता का अनुपालन

रिपोर्ट करने की प्रक्रियाएं और अन्य पूछताछ

संसाधन

कन्सर्न लाइन

छानबीन

रिपोर्ट करने वाले और छानबीन में सहायता करने वाले व्यक्तियों की गोपनीयता

मार्वल प्रतिशोध सहन नहीं करेगा

झूठे आरोप

वित्तीय पेशेवरों पर लागू उपबंध

इस संहिता में संशोधन

**प्रमुख संसाधन ........................................................... 36**

# हमारी व्यापार संहिता और आचार नीति

**दुनिया भर में हमारा व्यापार करने का तरीका।** हम हर दिन और हर जगह जो व्यापार सभी लागू क़ानूनों और विनियमों के अनुसार, जिस नैतिकता और ईमानदारी से करते हैं, उसके लिए मार्वल की व्यापार आचार संहिता और नैतिकता हमारी संदर्शिका है। संहिता में सिद्धांतों को अन्य मार्वल नीतियों और आचरण के मानकों में और विस्तारित किया जा सकता है जिन्हें पूरे संहिता में संदर्भित किया जा सकता है। (साइड लेटर) आप इन अन्य नीतियों एवं मानकों को my.marvell.com पर देख सकते हैं अथवा अपने प्रबंधक या अनुपालन टीम से प्रतियां मांगकर देख सकते हैं।

## मार्वल के अहम व्यवहार

हमारे अहम व्यवहार परिभाषित करते हैं कि एक वैश्विक कंपनी के तौर पर हम कौन हैं तथा हम एक दूसरे के साथ और अपने हितधारकों यथा: ग्राहक, आपूर्तिकर्ता, प्रतिस्पर्धी, शेयरधारक और समुदाय के साथ कैसे अपने रिश्ते चलाते हैं। हमारे अहम व्यवहार हैं:

### सत्यनिष्ठा के साथ कार्रवाई करें और सभी के साथ सम्मान का व्यवहार करें

- जो कहना चाहते हो वो कहो, जो कहो सो करो
- समावेशी बनें और हमारे लोगों और विचारों की विविधता को अपनाएं
- झूठ बोलना और अहंकार अस्वीकार्य हैं

### संपूर्ण जानकारी और दृढ़ता के साथ कार्यान्वयन करें

- ग्राहकों की आवश्यकताओं को समझें और उन्हें सफल बनाने के लिए नवप्रयोग पर ध्यान केंद्रित करें
- रचनात्मक बनें - नाप-तोलकर जोखिम उठाएं और असफलताओं से सीखें
- घनिष्ठ और भरोसेमंद ग्राहक संबंध बनाएं और ऐसे व्यक्ति बनें जिसके साथ व्यापार या कारोबार करना आसान हो

### संपूर्ण जानकारी और दृढ़ता के साथ कार्यान्वयन करें

- डेटा के आधार पर निष्पक्ष रूप से निर्णय लें
- उत्कृष्टता के लिए प्रयास करें और अपशिष्ट, देरी और भिन्नता को कम से कम करें
- समय पर बेहतर गुणवत्ता प्रदान करें

### दूसरों के उद्देश्यों को पूरा करने में उनकी सहायता करें

- वन मार्वेल - मार्वेल के उद्देश्यों को व्यक्ति विशेष या टीम के उद्देश्यों से पहले रखें
- ऐसे काम करें जैसे संपूर्ण कारोबार के मालिक आप हैं
- संपूर्ण संगठन में जानकारी, संसाधन, टेक्नोलॉजी और अवसरों को साझा करें

## इस संहिता की प्रयोजनीयता

**यह संहिता मार्वल के सभी कर्मचारियों तथा निदेशक मंडल के सदस्यों पर लागू होती है, जिनका उल्लेख इस संहिता में व्यक्तिगत रूप से अथवा सामूहिक रूप से "आप", "मार्वेल के कर्मचारी", "हम" और/अथवा "हमें/हमको" के तौर पर किया जा सकता है। हम मार्वल के सभी स्वतंत्र अनुबंधकर्ताओं, सलाहकारों, आपूर्तिकर्ताओं और अन्य लोगों से जो मार्वल के साथ व्यवसाय करते हैं, अपेक्षा करते हैं कि वे इस संहिता अथवा समकक्ष संहिता का अनुपालन करेंगे, जैसा कि मार्वल की आपूर्तिकर्ता आचार संहिता में निर्धारित किया गया है, जिसे www.marvell.com पर देखा जा सकता है।**

## मार्वेल आपसे निम्नलिखित अपेक्षा करता है:

- **रोज़ाना हमारे अहम व्यवहारों का प्रदर्शन करना।** गैर-कानूनी अथवा अनैतिक आचरण के लिए शून्य सहनशीलता के साथ, पेशेवर आचार नीति के उच्चतम स्तरों के साथ कार्य करना।
- **संहिता को समझें और इसका अनुपालन करें।** इस संहिता तथा सभी लागू विनियमों का अनुपालन करना। हम समय-समय पर इस संहिता में संशोधन कर सकते हैं, और आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप किसी भी और समस्त संशोधनों से परिचित रहेंगे।
- **आवाज़ उठाएँ।** यदि आपको संहिता या कानून के अनुपालन के संबंध में चिंताएं है तो आपको अपनी आवाज़ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। यदि आपको इस संहिता अथवा मार्वल की अन्य नीति, कानून, अथवा किसी भी विनियामक अपेक्षा के उल्लंघन के बारे में पता चलता है तो आपका दायित्व है कि आप आवाज़ उठाएँ। यदि किसी भी व्यक्ति ने नेकनीयती के साथ वास्तविक अथवा संभावित गलत कार्य की रिपोर्ट की हो, अथवा ऐसी रिपोर्ट की छानबीन में भाग लिया हो तो मार्वल ऐसा करने के लिए न तो किसी व्यक्ति से बदला लेगा, और न ही किसी व्यक्ति से बदला लिया जाना सहन करेगा। उल्लंघनों की रिपोर्ट करने अथवा मार्वल की बदला न लेने की नीति के बारे में अधिक जानकारी के लिए, अथवा इस संहिता की व्याख्या में सहायता के लिए, पृष्ठ 5 पर “कैसे आवाज़ उठाएं या मदद लें”, अथवा पृष्ठ 32 पर “कार्रवाई करना” खंड को देखें।

**मदद मांगे।** यह संहिता इस उद्देश्य से तैयार नहीं की गई है कि यह एक मार्वल कर्मचारी के तौर पर आपके सामने आने वाली समस्त स्थितियों अथवा मुद्दों का समाधान कर देगी, बल्कि यह हमारे अहम व्यवहारों को सुदृढ़ करने के लिए डिजाइन की गई है और इसलिए भी कि जब आपके सामने ऐसी स्थिति आ जाए कि आप सही व्यापारिक, कानूनी अथवा आचार नीति संबंधी निर्णय के बारे में अनिश्चित हों, तब आप अच्छा निर्णय ले सकें और उत्तम विवेक का प्रयोग कर सकें। किसी विशेष स्थिति में जब सर्वोत्तम कार्रवाई के बारे में संदेह हो, तो पहले स्वयं से पूछें:

- **क्या मेरी प्रस्तावित कार्रवाई कानून के अनुसार है?**
- **क्या यह मार्वल कंपनी की नीतियों का अनुपालन करता है?**
- **क्या यह हमारे मूल व्यवहार से मेल खाता है?**
- **क्या यह हमारे शेयरधारकों के हित में है?**
- **यदि मेरा निर्णय सावर्जनिक कर दिया जाए, तो क्या मैं सहज महसूस कर सकूंगा(गी)?**

यदि आपके मन में संहिता या कानून के अनुपालन के संबंध में चिंताएं हैं तो आपको प्रोत्साहित किया जाता है कि आप अपनी बात कहें, और आपको वह संसाधन चुनना चाहिए जो आपको सर्वाधिक सहज लगता हो, जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं: यदि आप निश्चित नहीं है, तो अपनी बात कहें अथवा अनुपालन टीम से मार्गदर्शन लें।

- **पढ़ें, प्रमाणित करें और प्रकटीकरण करें।** आपसे अपेक्षित है कि आप इस संहिता को पढ़ें और इसे समझ लेने की बात प्रमाणित करें, तथा समस्त वास्तविक एवं संभाव्य हितों के टकराव का प्रकटीकरण करें।
  - सभी अनुकूलित हो रहे (ऑनबोर्डिंग) कर्मचारियों से अपेक्षित है कि वे अपनी ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया के तौर पर, इस संहिता को पढ़ें और इसे समझ लेने की बात प्रमाणित करें, तथा समस्त वास्तविक एवं संभाव्य हितों के टकराव का प्रकटीकरण करें।
  - सभी कर्मचारियों से अपेक्षित है कि वे वार्षिक आधार पर इस संहिता को समझ लेने की बात प्रमाणित करें, तथा समस्त वास्तविक एवं संभाव्य हितों के टकराव का प्रकटीकरण करें।
  - आपसे अपेक्षित है कि समस्त वास्तविक एवं संभाव्य हितों के टकराव कि जानकारी मिलते ही तुरंत आप अनुपालन टीम को सूचित करेंगे।

**अन्य प्रशिक्षण और प्रमाणन।** समय-समय पर, आपको अन्य कानूनी, आचारनीति और अनुपालन संबंधी प्रशिक्षणों में भाग लेने अथवा ऐसे अन्य प्रमाणन उपलब्ध कराना अपेक्षित हो सकता है जैसा मार्वल द्वारा तय किए गए अनुसार आवश्यक या उचित होगा। ये प्रशिक्षण और प्रमाणन, नैतिक व्यवहार के प्रति मार्वल की प्रतिबद्धता का हिस्सा हैं और आपको जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से डिजाइन किए गए हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आपको मार्वल की अपेक्षाओं की निरंतर समझ है और आप उनके प्रति वचनबद्ध हैं। आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप सभी ज़रूरी प्रशिक्षण और/अथवा प्रमाणन समयबद्ध तरीके से पूरे करेंगे। ऐसा न करने का परिणाम अनुशासनात्मक कार्रवाई के रूप में हो सकता है, जिसमें नौकरी से बर्खास्तगी तक शामिल है।

**मार्वेल कंसर्न लाइन**

**concernline.marvell.com पर 24/7 समस्या की रिपोर्ट करें**

# आवाज़ उठाने या मदद लेने का तरीका



यदि आपके मन में इस संहिता की प्रयोजनीयता अथवा कानून के बारे में प्रश्न हों, अथवा आप अनिश्चित हों कि कोई प्रस्तावित कार्रवाई कानून के अनुपालन में है या नहीं, तो अनुपालन टीम से संपर्क करें। यदि आप अनुपालन विफलताओं के बारे में रिपोर्ट करना चाहते हैं या अनुपालन मामलों से संबंधित सरोकार व्यक्त करना चाहते हैं, तो आपका प्रबंधक सबसे अच्छी तरह से आपकी सहायता कर सकता है (बशर्ते आप यह न मानते हों कि आपका प्रबंधक उल्लंघन में शामिल है); तथापि, आपके लिए कई संसाधन उपलब्ध हैं जो कठिन स्थिति के समाधान में मार्गदर्शन कर सकते हैं।

**यदि आपको संहिता या कानून के अनुपालन के संबंध में कोई परेशानी है तो आपको अपनी आवाज़ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। यदि आपको संहिता या कानून के उल्लंघन के बारे में पता चलता है, तो आप इसकी रिपोर्ट करने के लिए बाध्य हैं। आपको वह संसाधन चुनना चाहिए जिसमें आप बोलने या रिपोर्ट करने में सबसे अधिक सहज महसूस करते हैं, जिसमें शामिल हैं:**

- कोई एग्ज़िक्यूटिव या मैनेजर जिस पर आप भरोसा करते हैं
- मानव संसाधन
- अनुपालन टीम
- हितों में टकराव की समीक्षा समिति
- कानूनी विभाग का कोई सदस्य
- मार्वेल की कन्सर्न लाइन, जिसका उपयोग गुमनाम तरीके से किया जा सकता है और यह दिन में 24 घंटे, प्रतिदिन http://concernline.marvell.com पर उपलब्ध है। आप कन्सर्न लाइन पर दिए गए स्थानीय फोन नंबरों पर भी कॉल कर सकते हैं।

**रिपोर्ट करने, छानबीन, मार्वेल की बदला न लेने की नीति एवं अन्य जानकारी के लिए, पृष्ठ 32 पर "कार्रवाई करना" को देखें।**

**मार्वेल कंसर्न लाइन**

**concernline.marvell.com पर 24/7 समस्या की रिपोर्ट करें**

# मैट मर्फी की ओर से नोट

**एक प्रमुख टेक्नोलॉजी कंपनी के रूप में, मार्वेल ने असाधारण नवप्रवर्तन के लिए अपनी प्रतिष्ठा अर्जित की है। इस सफलता को और मजबूत करते हुए, हम चाहते हैं कि कर्मचारी और भागीदार ऐसा महसूस करें कि वे पूरी स्पष्टता, आत्मविश्वास और सत्यनिष्ठा के साथ अपना सर्वोत्तम कार्य कर सकते हैं - विशेष रूप से एक प्रतिस्पर्धात्मक उद्योग में। इसीलिए हमारे पास व्यापार संहिता और आचार नीति है।**

हमारी व्यापार संहिता और आचार नीति हम सभी पर व्यक्तिगत रूप से लागू होती है, चाहे हमारा काम कोई भी हो। अत: यह हमारी ज़िम्मेदारी है कि हम इन नीतियों और मूल्यों को समझें तथा मार्वल से जुड़े सभी मामलों में उनका पालन करें, जिसमें ग्राहकों, निवेशकों, भागीदारों और एक दूसरे के साथ हमारे कार्य भी शामिल हैं।

सरकारी कर्मचारियों के साथ उपहार और मनोरंजन इसलिए मैं कहा रहा हूं कि प्रत्येक मार्वल कर्मचारी लगातार अच्छी सूझबूझ का प्रयोग करता है, और हमेशा व्यावसायिक नैतिकता के उच्चतम मानकों के अनुरूप उचित मार्ग अपनाता है। यदि आप कभी भी सबसे उत्तम नैतिक कार्रवाई के बारे में अनिश्चित हैं, तो अपने प्रबंधक या अनुपालन टीम से मार्गदर्शन के लिए कहें।

हर दिन अडिग ईमानदारी के साथ काम करते हुए, हम किसी भी व्यवसाय-ट्रस्ट में सबसे मूल्यवान संपत्ति का निर्माण करना जारी रखेंगे। साथ ही, हम यह भी प्रदर्शित करेंगे कि मार्वल न केवल महान तकनीक वाली कंपनी है, बल्कि महान लोगों वाली कंपनी भी है।

धन्यवाद।

मैट मर्फी
प्रेज़िडेंट और सीईओ

**मार्वेल कंसर्न लाइन**

**concernline.marvell.com पर 24/7 समस्या की रिपोर्ट करें**

# हमारी व्यावसायिक प्रथाएँ



## भ्रष्ट गतिविधियों से बचना

मार्वल की प्रतिबद्धता है कि वह यू.एस. फ़ॉरेन करप्ट प्रैक्टिसेज़ एक्ट (FCPA), तथा दुनिया भर में लागू अन्य भ्रष्टाचार-रोधी कानूनों (सामूहिक रूप से भ्रष्टाचार-रोधी कानूनों) का संपूर्ण भावना में पालन करेगा। भ्रष्टाचार-रोधी कानूनों में सामान्यतः व्यवसाय हासिल करने या बनाए रखने या कोई अनुचित लाभ हासिल करने के उद्देश्य से, सरकारी अधिकारियों या कर्मचारियों (किसी भी स्तर के), राजनीतिक उम्मीदवारों, अथवा राजनैतिक दलों के कर्मचारियों को भुगतान करने, किसी भी उपयोगिता की चीज का वादा या पेशकश करना निषिद्ध होता है। भ्रष्टाचार-रोधी कानूनों में सामान्यतः वाणिज्यिक सेटिंग में रिश्वत का भी निषेध रहता है। अर्थात, किसी भी व्यक्ति को कोई भी उपयोगिता की चीज प्रदान करना, चाहे वह व्यक्ति सरकारी अधिकारी हो या प्राइवेट व्यापारिक भागीदार।

भ्रष्टाचार-रोधी कानूनों में यह भी अपेक्षित होता है कि समस्त वित्तीय सूचना, कारोबार रिकॉर्ड और लेनदेन पूर्ण रूप से, उचित और सटीक रूप से हमारे बही खातों और रिकॉर्डों में दर्ज किए जाएं।

भ्रष्टाचार-रोधी कानूनों की क्षेत्राधिकार पहुंच व्यापक हो सकती है और मार्वल के अनुसार यह अपेक्षित है कि मार्वल के सभी कर्मचारियों, सलाहकारों, अधिकारियों तथा मार्वल की ओर से काम करने वाले अन्य सभी स्टेकहोल्डर्स द्वारा सभी भ्रष्टाचार-रोधी कानूनों तथा मार्वल की नीतियों का पूरा अनुपालन किया जाए।

**मार्वल कंसर्न लाइन**

**concernline.marvell.com पर 24/7 समस्या की रिपोर्ट करें**

## व्यापारिक भागीदार

व्यापारिक भागीदारों के आचरण के आधार पर, मार्वल को जवाबदेह ठहराया जा सकता है और काफ़ी नुकसान पहुंच सकता है। व्यापारिक भागीदारों का चुनाव वस्तुनिष्ठ मानदंडों के आधार पर किया जाना चाहिए, जैसे कि मूल्य (कीमत के बदले गुणवत्ता), कीमत, तकनीकी उत्कृष्टता, सेवा प्रतिष्ठा, अनुपालन रिकॉर्ड और उत्पादन/सेवा क्षमता।

## व्यापारिक उपहार, मनोरंजन अथवा आतिथ्य देना और लेना

मार्वल को बढ़ावा देना और आपसी विश्वास व मूल्यवान व्यावसायिक संबंधों का निर्माण करना मार्वल की व्यावसायिक सफलता के महत्वपूर्ण तत्व हैं। प्रतिस्पर्धात्मक जानकारी तथापि, कुछ परिस्थितियों में उपहार, मनोरंजन अथवा आतिथ्य को अनुचित भुगतान अथवा रिश्वत माना जा सकता है, और इनसे स्थानीय कानूनों, हमारी नीतियों अथवा हमारे व्यापारिक भागीदारों की नीतियों का उल्लंघन हो सकता है।

मार्वेल आपूर्तिकर्ताओं, ग्राहकों या अन्य व्यावसायिक सहयोगियों को वैध व्यवसाय के प्रयोजनों के लिए उपहार देने की अनुमति देता है, जैसे कि सद्भावना निर्माण और काम करने के संबंधों को मज़बूत करना, बशर्ते उपहार:

- यू.एस. $ 250 के बराबर या उससे कम कीमत का हो (भले ही प्रकृति में प्रचारक हो), और
- स्थानीय कानून द्वारा स्थापित किसी विशिष्ट सीमा या मार्वेल और प्राप्तकर्ता के बीच अनुबंध से अधिक कीमत का न हो।

अगर आप यू.एस.$250 से ज़्यादा मूल्य का उपहार प्रदान करने का इरादा रखते हैं—एक असाधारण परिस्थिति—तो आपको अनुपालन द्वारा अनुमोदित पूर्व लिखित स्वीकृति लेनी होगी। आप एक ही प्राप्तकर्ता को एक साल में दो बार से ज़्यादा कोई उपहार प्रदान नहीं करेंगे, उसका मूल्य चाहे जो भी हो, और इसलिए, अनुपालन द्वारा लिखित रूप से पूर्व-स्वीकृति न दिए जाने तक, किसी कर्मचारी द्वारा एक साल में किसी भी एक प्राप्तकर्ता को प्रदान किए जाने वाले उपहारों का संचयी मूल्य यू.एस.$500 से ज़्यादा नहीं हो सकता।

- मार्वेल कर्मचारी मनोरंजन, जो कि वैध व्यापारिक प्रयोजनों, जैसे कि सद्भावना बनाने और ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं या अन्य व्यावसायिक भागीदारों के साथ संबंध बढ़ाने के लिए प्रस्तुत किया जाता है, प्रदान कर सकता है, बशर्ते कि वह:
- मार्वेल अनुपालन टीम से पूर्व-स्वीकृति के बिना, प्रति व्यक्ति यू.एस.$ 500 के मूल्य से अधिक के नहीं हो,
- मार्वेल वैश्विक यात्रा एवं व्यय नीति का अनुपालन करता हो,

अगर आप यू.एस.$500 से ज़्यादा मूल्य का मनोरंजन प्रदान करने का इरादा रखते हैं—एक असाधारण परिस्थिति—तो आपको अनुपालन द्वारा अनुमोदित पूर्व लिखित स्वीकृति लेनी होगी। आप एक ही प्राप्तकर्ता को एक साल में चार बार से ज़्यादा कोई मनोरंजन प्रदान नहीं करेंगे, उसका मूल्य चाहे जो भी हो, और इसलिए, अनुपालन द्वारा लिखित रूप से पूर्व-स्वीकृति न दिए जाने तक, किसी कर्मचारी द्वारा एक साल में किसी भी एक प्राप्तकर्ता को प्रदान किए जाने वाले भोजन, मनोरंजन और आतिथ्य का संचयी मूल्य यू.एस.$2,000 से ज़्यादा नहीं हो सकता।

**मार्वेल कंसर्न लाइन**

**concernline.marvell.com पर 24/7 समस्या की रिपोर्ट करें**

जब तक नीचे दी गई सभी शर्तें पूरी नहीं हो जातीं तब तक कर्मचारी वर्तमान या संभावित विक्रेताओं, आपूर्तिकर्ताओं, ग्राहकों अथवा अन्य कारोबारी साझेदारों से उपहार या आतिथ्य न तो ले सकते हैं और न उन्हें दे सकते हैं। ये शर्तें दुनिया भर में सभी जगहों पर लागू हैं, यहां तक कि उन स्थानों पर भी जहां भिन्न प्रथाओं को “व्यवसाय चलाने का सामान्य तरीका” माना जाता हो”:

- **व्यावसायिक उद्देश्य।** उपहार या मनोरंजन का कानूनी, व्यवसाय संबंधी उद्देश्य होना चाहिए।
- **मामूली मूल्य।** उपहार या मनोरंजन का मूल्य न्यायसंगत हो और वह वैश्विक भ्रष्टाचार-रोधी अनुपालन नीति में निर्धारित किए गए पूर्व-अनुमोदित मूल्यों से अधिक न हो। यह जरूरी है कि अपवादों को अनुपालन टीम के समक्ष प्रस्तुत किया जाए और उनका पूर्वानुमोदन लिया जाए।
- **कृपापात्र व्यवहार ना हो।** उपहार या मनोरंजन का प्रयोजन विशेष या कृपापात्र व्यवहार पाना नहीं है, अथवा कार्रवाइयों या निर्णयों को अनुचित रूप से प्रभावित करना नहीं है।
- **कानूनी।** उपहार अथवा मनोरंजन देना या स्वीकार करना कारोबारी संबंध तथा स्थानीय प्रथा के अनुसार उपयुक्त है, तथा यह आपके देश में और प्राप्तकर्ता के देश में, दोनों जगह वैध है।
- **आचरण और समझौते।** वह प्राप्तकर्ता के संगठन के आचरण मानकों अथवा व्यापारिक भागीदार के साथ किए गए किसी अनुबन्धात्मक समझौते का उल्लंघन न करता हो।
- **प्रलेखित।** उपहारों और मनोरंजन को उचित रूप से प्रलेखित किया जाना जरूरी है, और जहां आवश्यक हो, कोई भी उपहार, मनोरंजन या आतिथ्य देने से पहले उचित अनुमोदन प्राप्त किया जाना चाहिए।
- **नीति का अनुपालन।** अन्यथा यह जरूरी है कि मार्वल की नीतियों के तहत उसकी अनुमति हो, जिसमें भ्रष्टाचार-रोधी नीति और वैश्विक यात्रा और व्यय नीति शामिल हैं। आपका विभाग ऐसी शर्तें लागू कर सकता है जो उन नीतियों में दी गई शर्तों से अधिक प्रतिबंधात्मक हों जिनका पालन करना आपके लिए अपेक्षित है। यदि आप उपहार या मनोरंजन प्रदान कर रहे हैं, तो आपको प्राप्तकर्ता के संगठन द्वारा लगाई गई सभी लागू नीतियों अथवा आचार मानकों का भी पालन करना ज़रूरी है।



**मार्वेल कंसर्न लाइन**

**concernline.marvell.com पर 24/7 समस्या की रिपोर्ट करें**

## सरकारी कर्मचारियों के साथ उपहार और मनोरंजन

मार्वेल की ओर से सरकारी कर्मचारियों के साथ मेलजोल करने के संबंध में मार्वल की विशिष्ट अपेक्षाएं हैं, जिसमें सरकारी कर्मचारियों या उनके परिवारों के लिए कुछ विशेष प्रकार के उपहारों, भोजनों अथवा मनोरंजन के लिए अनुपालन टीम से पूर्वानुमोदन प्राप्त करना शामिल है। यह जरूरी नहीं है कि सरकारी कर्मचारी उच्च पदों पर आसीन अधिकारी ही हों; वे किसी सरकारी एजेंसी अथवा राज्य के स्वामित्व अथवा नियंत्रण वाली प्राइवेट कंपनी के कोई भी कर्मचारी, अथवा फायरमैन अथवा सीमा शुल्क एजेंट हो सकते हैं। मार्गदर्शन के लिए भ्रष्टाचार-रोधी नीति की समीक्षा करें अथवा अनुपालन टीम से संपर्क करें।

## व्यापारिक खर्चे

उपहारों, मनोरंजन अथवा आतिथ्य से संबंधित सभी खर्चों और व्ययों को पूर्णत: और सटीक रूप से दर्ज करना जरूरी है, जैसा कि मार्वेल की लेखा और प्रतिपूर्ति नीतियों और प्रक्रियाओं, यात्रा नीति, तथा हमारी भ्रष्टाचार-रोधी नीति के तहत अपेक्षित है। जब कोई व्यय प्रतिपूर्ति फॉर्म जमा किया जाता है, तो यह जरूरी है कि उस फॉर्म में व्यय और उसके व्यावसायिक प्रयोजन का सटीक वर्णन हो और प्राप्तकर्ता(ओं) का नाम, पद, और कंपनी या अन्य संगठन का विवरण हो, जिसमें यह भी बताया जाएगा कि क्या प्राप्तकर्ता सरकारी कर्मचारी है। इस बारे में अधिक जानकारी के लिए कि किसे सरकारी कर्मचारी माना जा सकता है, कृपया हमारी भ्रष्टाचार-रोधी नीति को देखें।

## प्रश्नोत्तर

**प्र. मैं और मेरा सहकर्मी एक ग्राहक को डिनर पर ले गए। हमने दो बहुत मंहगी वाइन की बोतलें ऑर्डर कीं और मुझे मालूम था कि मेरा बॉस कभी भी इसे अनुमोदित नहीं करेगा। अत: मैंने वेटर से बिल को विभाजित करवा दिया और आधे का भुगतान किया जबकि आधे का भुगतान मेरे सहकर्मी ने किया, और फिर हमने अलग-अलग व्यय रिपोर्टें प्रस्तुत कीं। क्या यह ठीक है?**

उ. नहीं। आधा खर्च प्रस्तुत करके, आप दोनों ने केवल आधी बात ही बताई। आपने लेनदेन का झूठा और अशुद्ध रिकॉर्ड भी तैयार किया और जानबूझकर अनुमोदन प्रक्रिया से बचने का प्रयास किया।

**प्र. मैं एशिया में हमारी एक लोकेशन पर काम करता हूं और एक डिज़ाइन टीम की सहायता करता हूं। पिछले सप्ताह एक उपकरण खराब हो गया और जो पुर्जा बदला जाना है वह कस्टम के पास फंसा है। मेरे बॉस मुझसे कह रहे हैं कि चाहे जो भी करना पड़े, इस पुर्ज़े को हासिल करो। सीमा शुल्क के एजेंट ने मुझे बताया कि यदि मैं उसे $500 दे दूं तो वह काम को कहीं आसान बना देगा। मेरे सहकर्मी ने मुझे बताया कि सीमा शुल्क एजेंट को पैसे देने में, या फिर मेरी ओर से किसी लॉजिस्टिक्स प्रदाता से पैसे दिलवाने में बिलकुल भी बुराई नहीं है, और किसी को यह बात पता भी नहीं चलेगी। क्या मैं $500 दे सकता हूं?**

उ. नहीं। मांगा जा रहा भुगतान, चाहे सीधे दिया जाए अथवा किसी अन्य पक्ष के माध्यम से, एक “सहूलियत भुगतान” है और मार्वल के अनुसार इसकी स्पष्ट तौर पर मनाही है, चाहे यह उस देश में वैध हो या नहीं जहां भुगतान मांगा जा रहा है। किसी विक्रेता को हमारे लिए भुगतान करना स्पष्ट रूप से निषिद्ध है। मार्वेल हमारे एजेंटों के कार्यों के लिए ज़िम्मेदार हो सकता है, जैसे कि लॉजिस्टिक्स प्रदाता, और हम किसी विक्रेता को यह निर्देश नहीं दे सकते कि वह हमारी ओर से भ्रष्ट प्रथाओं में लिप्त हो। इसके अलावा, किसी अन्य को आपकी ओर से भुगतान करने के लिए कहकर भुगतान का रूप बदलने का प्रयास करके, आप जानबूझकर मार्वल की नीतियों को नाकाम कर रहे हैं और मार्वेल के लिए अशुद्ध कारोबार रिकॉर्ड तैयार कर रहे हैं।

**मार्वेल कंसर्न लाइन**

**concernline.marvell.com पर 24/7 समस्या की रिपोर्ट करें**

**प्र. ब्राज़ील में एक सार्वजनिक विश्वविद्यालय द्वारा बनाई गई एक नई सुरक्षा कंपनी स्टार्ट-अप हमारे उत्पादों में से एक का उपयोग कर मूल्यांकन कर रही है और सांता क्लारा में हमारे कार्यालयों का दौरा करना चाहती है। टीम में से दो लोग संयुक्त राज्य अमेरिका में कभी नहीं आए हैं, और अपने जीवनसाथी को लाने और रास्ते में डिज्नीलैंड का दौरा करना चाहते हैं। क्या मार्वेल इस यात्रा के लिए भुगतान कर सकता है?**

प्रश्नोत्तर

उ. पति या पत्नी या गैर-व्यावसायिक साइड ट्रिप के लिए भुगतान करने की अनुमति नहीं है। इसके अलावा, क्योंकि कंपनी एक सरकारी विश्वविद्यालय के स्वामित्व में प्रतीत होती है, कर्मचारी शायद सरकारी अधिकारी हैं। इसके लिए अनुपालन टीम द्वारा समीक्षा की आवश्यकता होगी।

## प्रमुख संसाधन

वैश्विक भ्रष्टाचार-रोधी अनुपालन नीति
वैश्विक यात्रा और व्यय नीति
उपहार और मनोरंजन पूर्व स्वीकृति फॉर्म
कर्मचारी पुस्तिका

## उचित प्रतिस्पर्धा

मार्वेल में हम कारोबार के लिए ज़ोरदार लेकिन उचित प्रतिस्पर्धा करते हैं। मार्वेल किसी भी ऐसे कार्यकलाप की अनुमति नहीं देगा जिसका परिणाम या इरादा प्रतिस्पर्धा को गैर-कानूनी तरीके से कम करने या समाप्त करने का हो। हम सभी को यू.एस. ऐन्टीट्रस्ट कानूनों का पालन करने के साथ–साथ, जहां भी हम बिजनेस करते हैं उन सभी देशों के प्रतिस्पर्धा कानूनों का पालन करना ज़रूरी है। इन कानूनों का पालन करने में असफलता के आपराधिक दायित्व सहित कंपनी और इसमें शामिल व्यक्तियों के लिए गंभीर परिणाम हो सकते हैं।

आपको कभी भी ऐसे समझौते नहीं करने चाहिए, ऐसे कार्य नहीं करने चाहिए या प्रतिस्पर्धियों के साथ ऐसी चर्चाएं नहीं करनी चाहिएं जिनका परिणाम प्रतिस्पर्धा को कम करने अथवा उपभोक्ताओं को नुकसान के रूप में हो, इन कार्यों में निम्नलिखित शामिल हैं लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है:

- मूल्य निर्धारण, नीतियों, अनुबंध की शर्तों, लागत, वस्तु- सूची, बाजार हिस्सेदारी, क्षमता नियोजन या अन्य प्रतिस्पर्धात्मक शर्तों पर प्रतिस्पर्धियों के साथ जानकारी का आदान-प्रदान करना (या जानकारी का आदान-प्रदान करने के लिए सहमति देना);
- बाज़ारों या क्षेत्रों को बांटना या आपूर्तिकर्ताओं अथवा ग्राहकों का बहिष्कार करना।

## प्रतिस्पर्धात्मक जानकारी

यह ज़रूरी है कि हमारे प्रतिस्पर्धियों एवं बाज़ार के बारे में कारोबार संबंधी गुप्त समाचार वैध और नैतिक तरीके से हासिल किए जाएं। आपको कभी भी प्रतिस्पर्धियों, व्यापारिक भागीदारों और ग्राहकों सहित किसी की भी जानकारी, सामग्री, उत्पादों, बौद्धिक संपदा अथवा स्वामित्व अथवा गोपनीय जानकारी की न तो चोरी करनी चाहिए और न उनका अवैध रूप से प्रयोग करना चाहिए।

## प्रमुख संसाधन

एकाधिकार व्यापार विरोधी दिशानिर्देश
कर्मचारी पुस्तिका

**मार्वेल कंसर्न लाइन**

**concernline.marvell.com पर 24/7 समस्या की रिपोर्ट करें**

## वैश्विक व्यापार विनियमों का अनुपालन

मार्वेल हर रोज दुनिया भर में व्यापारिक कार्यकलाप करता है और लागू होने वाले विनियम जटिल होते हैं। व्यापार कार्यकलाप निर्यात विनियमों की शर्तों के अधीन होते हैं और इनमें शामिल हैं - उत्पादों का निर्यात और आयात, सीमाओं के पार उत्पादों के आरेख भेजना, किसी एक देश से कर्मचारी को भर्ती कर दूसरे देश में काम के लिए भेजना, और हमारे उत्पाद प्रोटोटाइप या नमूने अपने साथ अंतरराष्ट्रीय सीमाओं के पार ले जाना। हमें कुछ देशों में ग्राहकों के साथ व्यापार करने की मनाही है। कुछ मामलों में कई लोगों या ग्राहकों को कुछ जानकारी या उत्पादों को ट्रांसफर करने से पहले हमें एक लाइसेंस प्राप्त करना होगा। हमें यह सुनिश्चित करने के लिए अपने व्यापार भागीदारों की भी जांच करनी चाहिए कि हम किसी ऐसे व्यक्ति के साथ या ऐसे देश में व्यापार नहीं कर रहे हैं जहां हमें ऐसा करने से कानूनी रूप से प्रतिबंधित किया गया है। मार्वेल लागू व्यापार विनियमों का अनुपालन करने के प्रति वचनबद्ध है, और व्यापारिक कार्यकलाप के किसी भी पहलू में शामिल अपने कर्मचारियों से अपेक्षा करता है कि वे सभी लागू विनियमों को समझेंगे और उनका पालन करेंगे। अधिक जानकारी के लिए, मार्वेल की व्यापार अनुपालन टीम से संपर्क करें, और मार्वेल की विस्तृत वैश्विक व्यापार अनुपालन नीति को देखें।

### प्रमुख संसाधन

वैश्विक व्यापार अनुपालन नीति
वैश्विक व्यापार अनुपालन इंट्रानेट साइट

## मनी लॉन्डरिंग (काले धन को वैध बनाने संबंधी) स्थितियों से बचना

मनी लॉन्ड्रिंग अवैध रूप से आय प्राप्त करने की प्रक्रिया है, जिसे अक्सर “काला धन” के रूप में संदर्भित किया जाता है, जो कानूनी या "साफ" दिखाई देता है। अवैध ड्रग्स, आतंकवाद या धोखाधड़ी में शामिल लोग अक्सर मनी लॉन्ड्रिंग गतिविधियों में शामिल होने की कोशिश करते हैं। यह जरुरी है कि हम अपने व्यापार भागीदारों पर उचित सावधानी बरतते हुए, उनकी गतिविधियों की निगरानी करके और किसी भी संदिग्ध गतिविधियों की रिपोर्ट करके मनी लॉन्ड्रिंग को रोकने के लिए काम करें। संदिग्ध गतिविधि के उदाहरणों में नकद में भुगतान करने का अनुरोध, एक ही भुगतान को कई लेन-देन में विभाजित किया जाना, ऑफ-शोर बैंक खातों का उपयोग या भुगतान के अन्य असामान्य तरीके शामिल हैं। मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद विरोधी मुद्दे जटिल हो सकते हैं। यदि आप किसी ऐसे लेन-देन का सामना करते हैं जो आपको सही नहीं लगता है, तो आप इसे तुरंत अपने प्रबंधक को बताएं, या कानूनी विभाग से संपर्क करें।

**प्र. हम चीन में स्थित एक ग्राहक को बिक्री कर रहे हैं। वे साइप्रस में एक असंबद्ध कंपनी के माध्यम से अपने बिल का भुगतान करना चाहते हैं क्योंकि उन्होंने बताया कि ऐसा करने से उनके मुद्रा प्रतिबंधों में आसानी हो जाएगी। क्या यह ठीक है?**

प्रश्नोत्तर

उ. किसी असंबंधित कंपनी की सहभागिता संदिग्ध होती है और यह एक ऐसा संकेत है जिसकी बारीकी से जांच की जानी चाहिए। संयुक्त राज्य अमेरिका और कई अन्य देशों के बीच पैसे के आने-जाने को नियंत्रित करने के लिए सख्त कानून हैं। जब भी अनुबंध की पार्टी के अलावा कोई अन्य हमें भुगतान करने की कोशिश करता है या हमसे भुगतान प्राप्त करने का प्रयास करता है, तो यह एक खतरे की झंडी है जिसकी जांच करने की आवश्यकता होती है, क्योंकि भले ही हो सकता है उस पार्टी का कानून तोड़ने का कोई इरादा न हो लेकिन ऐसी मांग का पालन करने से आपके लिए - और हमारे लिए - कुछ ऐसे वित्तीय कानूनों के उल्लंघन का जोखिम पैदा हो सकता है जिनके तहत मनीलॉंडरिंग निषिद्ध है। केवल विक्रेता की बातों पर विश्वास नहीं कर लेना चाहिए—आपको तुरंत यह मुद्दा कानूनी विभाग के समक्ष उठाने की आवश्यकता होगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हम उचित जांच-पड़ताल करें।

**मार्वेल कंसर्न लाइन**

**concernline.marvell.com पर 24/7 समस्या की रिपोर्ट करें**

# हमारा कार्यस्थल



## हितों के टकराव से बचना

हितों के टकराव का अर्थ है कोई भी ऐसी गतिविधि या संबंध जो मार्वल के सर्वोत्तम हितों के साथ असंगत या उसके विरुद्ध हो, जो अनुचित व्यवहार अथवा खंडित निष्ठा प्रतीत होता हो, अथवा मार्वल की तरफ से आपके कर्तव्यों को पूरा करते समय आपके काम के निष्पादन या स्वतंत्र निर्णय में हस्तक्षेप करता हो। हमारे सभी व्यापारिक निर्णय और कार्य मार्वल के सर्वोत्तम हितों पर आधारित होने चाहिए, न कि व्यक्तिगत संबंधों या व्यक्तिगत लाभ पर। संभावित हितों के टकराव असामान्य नहीं हैं, और यदि ठीक से खुलासा और प्रबंधित किए जाए तो यह स्वीकार्य हो सकते हैं। भले ही आप अपने कार्यों से हितों में टकराव पैदा करने का इरादा नहीं रखते हैं, लेकिन फिर भी दूसरों द्वारा संघर्ष की धारणा आपके या मार्वल के लिए उतनी ही हानिकारक हो सकती है। इसलिए, यह महत्वपूर्ण है कि वास्तविक अथवा संभाव्य हितों के टकराव को पहचाना जाए और उसे प्रकट किया जाए ताकि आप और मार्वल दोनों की सुरक्षा के लिए सावधानियां बरती जा सकें।

**सभी नए भर्ती किए गए कर्मचारी और किसी नए अधिग्रहण या अन्य सौदे के माध्यम से मार्वल में शामिल होने वाले कर्मचारी, अपने शामिल होने या ऑनबोर्डिंग के भाग के तौर पर इस संहिता को प्रमाणित करेंगे, और उस समय उन्हें किसी भी वास्तविक या संभाव्य हितों के टकराव का प्रकटीकरण करना होगा। हर साल, सभी कर्मचारियों को इस संहिता के साथ, जिसमें हितों के टकराव का उपबंध भी शामिल है, अपने अनुपालन को पुन: प्रमाणित करने की आवश्यकता होगी।**

**मार्वेल कंसर्न लाइन**

**concernline.marvell.com पर 24/7 समस्या की रिपोर्ट करें**

## हितों के वास्तविक या संभावित टकराव का खुलासा करना

इस संहिता के वार्षिक प्रमाणीकरण के भाग के तौर पर, आपसे कहा जाएगा कि आप लिखित रूप में किसी भी वास्तविक अथवा संभाव्य हितों के टकराव का प्रकटीकरण कर दें। इसके अतिरिक्त, आपको पूरे वर्ष अतिरिक्त प्रकटीकरण करने की आवश्यकता पड़ सकती है, जैसे-जैसे टकराव उत्पन्न होंगे, अथवा हितों के टकराव के संबंध में किसी पिछले प्रकटीकरण के तथ्यों में परिवर्तन होगा। आपके प्रकटीकरण में आपके परिवार के सदस्यों या ऐसे व्यक्तियों, जिनके साथ आपके महत्वपूर्ण संबंध हैं, से जुड़े हितों के टकराव भी शामिल होने चाहिए।

कार्यपालक और निदेशक मंडल के सदस्य एक प्रक्रिया के तहत प्रकटीकरण करते हैं जिसका प्रबंधन मार्वेल के कानूनी विभाग द्वारा किया जाता है और जिसकी समीक्षा निदेशक मंडल अथवा उसकी समिति द्वारा की जाती है।

अन्य सभी के द्वारा किए गए प्रकटीकरण की समीक्षा हितों का टकराव समीक्षा समिति (सीओआई समिति) द्वारा की जाएगी, जो मार्वेल की आंतरिक आचारनीति और अनुपालन समिति की एक उप-समिति है। सीओआई समिति कंपनी के भीतर अन्य कार्मिकों से परामर्श कर सकती है, जिसमें आपकी रिपोर्टिंग श्रृंखला में आने वाले सुपरवाइज़र या अन्य लोग शामिल हो सकते हैं। आपकी रिपोर्ट की गई गतिविधियां हितों के टकराव में आती हैं या नहीं, इसके बारे में आपको सिफारिश उपलब्ध कराई जाएगी और उसकी एक प्रति आपके सुपरवाइज़र को दी जाएगी।

## कार्यस्थल में पारिवारिक और व्यक्तिगत संबंध

सकारात्मक, पेशेवर रिश्ते विश्वास और सहयोग के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण हैं, और सहकर्मियों के एक साथ बिताए समय की मात्रा को देखते हुए, कर्मचारी करीबी व्यक्तिगत संबंध बना सकते हैं। मार्वेल अपने कर्मचारियों की गोपनीयता का सम्मान करता है और आमतौर पर किसी भी कर्मचारी के परिवार या अन्य करीबी व्यक्तिगत संबंधों से चिंतित नहीं होता है। हालांकि, जब कंपनी के सर्वोत्तम हित में निर्णय लेने के लिए, सहकर्मियों के बीच परिवारिक या करीबी व्यक्तिगत संबंध, किसी कर्मचारी की जिम्मेदारी को प्रभावित करते हैं या प्रभावित कर सकते हैं, तो यह कंपनी के लिए चिंता का विषय होता है क्योंकि यह संबंध वास्तविक या कथित तौर पर हितों में टकराव पैदा कर सकता है। उदाहरण के लिए, सहकर्मियों के बीच व्यक्तिगत वित्तीय व्यावसायिक संबंध जैसे बाहरी व्यावसायिक प्रयास में भागीदारी, संपत्ति किराए पर लेना, या एक दूसरे को पैसे उधार देना, हतोत्साहित किया जाता है क्योंकि असहमति या विफलता या ऋण चुकाने में असमर्थता कार्यस्थल में कर्मचारियों के बीच तनाव पैदा कर सकती है।

परिवार के सदस्यों में आपका जीवनसाथी, घरेलू साथी, दूसरा महत्वपूर्ण व्यक्ति, माता-पिता, सौतेले माता-पिता, बच्चा, सौतेला बच्चा, भाई-बहन, ससुराल वाले, या आपके घर या परिवार के सदस्य के घर में रहने वाला कोई व्यक्ति (किरायेदार या कर्मचारी के अलावा अन्य) शामिल हैं। करीबी व्यक्तिगत संबंधों में डेटिंग, प्रेम प्रसंगयुक्त, कामुक, प्रेमी/प्रेमिका, जीवनसाथी, दूसरा महत्वपूर्ण व्यक्ति, घरेलू साथी या समान प्रकार के संबंध शामिल हो सकते हैं।

**मार्वेल कंसर्न लाइन**

**concernline.marvell.com पर 24/7 समस्या की रिपोर्ट करें**

परिवार के सदस्यों और करीबी व्यक्तिगत संबंध रखने वाले व्यक्तियों को एक-दूसरे के साथ मार्वेल के भीतर निम्नलिखित तरीकों से जुड़ने की अनुमति नहीं है:

- **प्रबंधक/अधीनस्थ संबंध:** परिवार के सदस्य या करीबी व्यक्तिगत संबंध रखने वाले व्यक्ति एक दूसरे को रिपोर्ट नहीं कर सकते हैं। रिपोर्टिंग संबंध प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष (बिंदीदार रेखा) हो सकते हैं, और इसमें एक इंगेजमेंट प्रबंधक शामिल हो सकता है जो एक ठेकेदार या आकस्मिक कार्यकर्ता का प्रबंधन करता है।
- **रोज़गार-संबंधी निर्णय लेने की क्षमता:** परिवार के सदस्य या करीबी व्यक्तिगत संबंध वाले व्यक्ति प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से एक-दूसरे के रोज़गार से जुड़े फैसलों जैसे कि काम पर रखने, कार्य सौंपने, मुआवज़े, प्रदर्शन की समीक्षा, अनुशासनात्मक कार्रवाई या पदोन्नति के लिए सिफारिशों में शामिल नहीं हो सकते हैं।

यदि आपके परिवार का कोई सदस्य मार्वेल में कार्यरत है या मार्वेल द्वारा काम पर रखा जाना है; या किसी अन्य मार्वेल कर्मचारी या ठेकेदार के साथ घनिष्ठ व्यक्तिगत संबंध में हैं, तो आपको अतिरिक्त मार्गदर्शन के लिए कर्मचारी पुस्तिका से परामर्श करना चाहिए, जिसमें शामिल है कि कब आपको मार्वेल के सामने ऐसे संबंधों का खुलासा करना चाहिए । संबंध की प्रकृति और कंपनी के भीतर आपकी भूमिका के आधार पर, प्रकटीकरण और/या कार्य व्यवस्था में परिवर्तन की आवश्यकता हो सकती है।

**कर्मचारियों को कभी भी अपने व्यक्तिगत संबंधों को न तो कार्यस्थल को अस्त-व्यस्त करने देना चाहिए और न ही काम में या स्वतंत्र निर्णय में व्यवधान डालने देना चाहिए।**

## तीसरे पक्ष के व्यापारिक भागीदारों के साथ पारिवारिक और व्यक्तिगत संबंध

यदि आपका कोई पारिवारिक सदस्य या कोई ऐसा व्यक्ति जिसके साथ आपका कोई व्यक्तिगत संबंध हो, वह मार्वल के किसी तीसरे पक्ष का मालिक हो या उसमें कार्यरत हो जैसे कि मार्वेल आपूर्तिकर्ता, ग्राहक या प्रतियोगी, तो इस से मार्वल के हित प्रभावित हो सकते हैं। ऐसी स्थितियों को निषिद्ध नहीं किया जाता है, लेकिन उनमें गोपनीयता और हितों के टकराव के लिए संवेदनशीलता में वृद्धि की ज़रूरत होती है। ऐसे संबन्धों का खुलासा जल्द से जल्द compliance@marvell.com के समक्ष किया जाना चाहिए, और आप इन परिवार के सदस्यों या उन व्यक्तियों के साथ मार्वल व्यवसाय नहीं कर सकते हैं, जिनके साथ सीओआई समिति से पूर्व अनुमोदन के बिना आपके करीबी व्यक्तिगत संबंध हैं ।

प्रश्नोत्तर

**प्र.: मेरे भाई का एक व्यवसाय है जो मार्वेल का एक विक्रेता है। मार्वेल अक्सर मेरे भाई के व्यवसाय से सामान खरीदता है। क्या यह मेरे लिए हितों का टकराव है?**

उ. यह ज़रूरी नहीं है। यदि आपके भाई की कंपनी को पूर्णत: उसके द्वारा प्रदान की जाने वाली उत्पाद गुणवत्ता के आधार पर एक मार्वल विक्रेता के तौर पर चुना जाता है, और उनकी कंपनी तथा मार्वल के बीच व्यापार निष्पक्ष, सुरक्षित दूरी बनाकर रखते हुए चलाया जाता है, तो संभवत: इसमें कोई टकराव नहीं है। लेकिन, आपको निर्णय लेने की प्रक्रिया से खुद को अलग करना और दोनों कंपनियों को संबंधों का प्रकटीकरण करना जरूरी होगा, ताकि संबंध की प्रकृति का उचित मूल्यांकन किया जा सके। मार्वेल में, सीओआई समिति द्वारा आपके भाई की कंपनी और मार्वल के बीच के संबंधों के तथ्यों और परिस्थितियों की जांच की जाएगी, जिसमें यह भी देखा जाएगा कि आपकी भूमिका या टीम आपके भाई की कंपनी के साथ कैसे बर्ताव करते हैं, और यह तय किया जाएगा कि क्या किसी संभाव्य टकराव को सफलतापूर्वक कम किया जा सकता है।

**मार्वेल कंसर्न लाइन**

**concernline.marvell.com पर 24/7 समस्या की रिपोर्ट करें**

## बाहरी रोज़गार, व्यवसाय अथवा आविष्कार

**रोज़गार अथवा व्यवसाय।** मार्वेल के बाहर साथ-साथ कोई नौकरी स्वीकार करने से पहले अथवा ऐसे काम में भाग लेने से पहले जो मार्वेल के वर्तमान या उचित रूप से अनुमान योग्य व्यवसाय, उत्पादों अथवा सेवाओं से प्रतिस्पर्धा में हो या उनसे जुड़ा हो, आपको सीओआई समिति से अनुमोदन प्राप्त करना होगा। यदि आपको बाहरी रोज़गार या बाहरी व्यवसाय में शामिल होने का अनुमोदन हासिल है, तो आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि ऐसी गतिविधियां मार्वेल में आपकी ज़िम्मेदारियों या मार्वेल के लिए आपके कर्तव्यों को पूरा करने की क्षमता के साथ टकराव में न हों या उसमें व्यवधान न डालें।

**आविष्कार।** कानून द्वारा अनुमति दी गई सीमा तक, मार्वेल का कर्मचारी रहने के दौरान आप जो कुछ भी विकसित करेंगे उन सभी पर मार्वेल का स्वामित्व होगा। मार्वेल के बाहर कोई आविष्कार करने से हितों का टकराव उत्पन्न हो सकता है। यह आपकी ज़िम्मेदारी है कि आप किसी भी ऐसे आविष्कार को जिसे आप विकसित कर रहे हैं, चाहे आप अकेले कर रहे हों या दूसरों के साथ मिलकर, तुरंत और पूरी तरह से मार्वेल को बताएँ, जिसमें ऐसे सभी आविष्कार शामिल हैं जिन पर आप मानते हैं कि संभाव्य रूप से मार्वेल का स्वामित्व नहीं है। अनुपालन टीम को प्रकटीकरण किया जा सकता है। स्वामित्व के बारे में समस्त निर्णयों का मूल्यांकन प्रकटीकरण और संबंधित तथ्यों व परिस्थितियों तथा मार्वेल की कर्मचारी आविष्कारों का स्वामित्व तय करने की प्रक्रिया के अनुसार किया जाएगा। आविष्कारों की रिपोर्टिंग के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया नीचे मार्वेल की बौद्धिक संपदा वाले खंड को देखें।

**इसके अलावा, आप निम्नलिखित भी नहीं कर सकेंगे:**

- मार्वेल के बाहर अपनी नौकरी या बाहरी काम के लिए, अथवा आपके ऐसे आविष्कार के काम पर जिसे मार्वेल ने आपका व्यक्तिगत काम तय किया हो, मार्वेल के किसी भी कार्य समय या संपत्ति का प्रयोग करना। इसमें किसी भी अन्य मार्वल कर्मचारी के साथ परामर्श सहित, मार्वेल की सुविधाओं, फोनों, कंप्यूटरों, इंटरनेट सुविधा, कॉपी मशीनों, अथवा किसी भी अन्य मार्वेल संपत्ति या सेवा का प्रयोग करना शामिल है।
- मार्वेल के बाहर अपनी नौकरी या बाहरी काम के लिए, अथवा आपके ऐसे आविष्कार के काम के लिए जिसे मार्वेल ने आपका व्यक्तिगत काम तय किया हो, मार्वेल में अपने पद का प्रयोग करते हुए काम मांगना या तरफदारी का व्यवहार हासिल करना, अथवा अन्य मार्वेल कर्मचारियों से आपकी मदद करने के लिए कहना।
- आपके अन्य नियोजक अथवा मार्वेल के बाहर अपनी नौकरी या बाहरी काम को, अथवा आपके ऐसे आविष्कार के काम को फायदा पहुंचाने के लिए जिसे मार्वेल ने आपका व्यक्तिगत काम तय किया हो, मार्वेल की गोपनीय अथवा स्वामित्व वाली जानकारी का प्रयोग करना या उसे अन्यथा प्रकट करना।

### प्रमुख संसाधन

कर्मचारी पुस्तिका
हितों के टकराव का प्रकटीकरण फॉर्म
कर्मचारी आविष्कारों का स्वामित्व तय करने की प्रक्रियाएं

## कार्पोरेट अवसर

मार्वेल के प्रति यह आपका कर्तव्य है कि आप मार्वल के व्यापार हितों को आगे बढ़ाएं और पूरी तरह मार्वेल की ओर से अवसरों का अनुसरण करें। आपके लिए अनिवार्य शर्त है कि आप कभी भी न तो मार्वेल के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे और न ही व्यक्तिगत लाभ के लिए मार्वेल की संपत्तियों या मार्वल में अपने पद का प्रयोग करेंगे। अत: यह जरूरी है कि आप ऐसे किसी भी व्यवसाय या निवेश के अवसर का, जो मार्वेल के सामने आए, अथवा जिसे आपने अपने नियोजन के दौरान खोजा हो, पहले मार्वेल को प्रस्तुत किए बिना, न तो अपने लिए और न ही अपने परिवार के सदस्यों के लिए लाभ उठाएंगे।

**मार्वेल कंसर्न लाइन**

**concernline.marvell.com पर 24/7 समस्या की रिपोर्ट करें**

## व्यक्तिगत निवेश

मार्वेल अपने व्यक्तिगत निवेशों को प्रबंधित करने के आपके अधिकार का सम्मान करता है। लेकिन, मार्वल के साथ व्यवसाय या प्रतिस्पर्धा करने वाले संगठनों में निवेश करने से तब हितों का टकराव उत्पन्न हो सकता है जब आप मार्वल और उस संगठन के बीच जिसमें आपने निवेश किया हुआ है, लेनदेनों में शामिल हों अथवा आप ऐसे लेनदेनों को प्रभावित करने का प्रयास करें। यदि आप या आपके परिवार के सदस्यों के मार्वल के ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं, प्रतिस्पर्धियों या अन्य व्यावसायिक भागीदारों में वित्तीय हित अथवा निवेश हैं, तो आपको सीओआई समिति के समक्ष यह जानकारी प्रकट करनी होगी। फिर समिति तय करेगी कि क्या कोई हितों का टकराव है और, यदि उपयुक्त होगा, तो ऐसे टकराव को प्रबंधित करने या खत्म करने के लिए सर्वोत्तम तरीका भी तय करेगी। हितों के टकराव के लिए अन्य संस्थाओं में आपके स्वामित्व का मूल्यांकन करते समय, सीओआई समिति द्वारा निवेश के आकार और प्रकृति, उस संस्था और मार्वल के बीच संबंध, उस संस्था के साथ लेनदेन को प्रभावित करने की आपकी क्षमता, और आवश्यकतानुसार अन्य जानकारी की जांच की जाएगी।

प्रश्नोत्तर

**प्र. मेरे पास एक म्यूचुअल फंड के शेयर हैं जो सेमीकंडक्टर कंपनियों सहित उच्च तकनीक कंपनियों में स्टॉक खरीदता है। क्या मुझे इस प्रकार के स्वामित्व का खुलासा करने की आवश्यकता है?**

उ. यदि आप म्यूचुअल फंड द्वारा किए गए निवेश के निर्णयों में शामिल नहीं हैं, तो फंड प्रबंधकों द्वारा संचालित एक विविध म्यूचुअल फंड में शेयरों का मालिक होना हितों का टकराव नहीं है। हालाँकि, आप मार्वल, उसके ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं, प्रतियोगियों या अन्य व्यावसायिक भागीदारों से संबंधित वस्तुगत गैर-सार्वजनिक जानकारी के आधार पर एक विशिष्ट फंड खरीदने या बेचने के लिए निवेश का निर्णय नहीं ले सकते।

## मार्वल की संपत्ति की सुरक्षा करना

आप मार्वल की भौतिक संपत्तियों सहित इसकी परिसंपत्तियों की सुरक्षा के लिए, तथा हानि, बर्बादी, चोरी या अनधिकृत प्रयोग के विरुद्ध इन परिसंपत्तियों को संरक्षित रखने के लिए ज़िम्मेदार हैं। यह जरूरी है कि आप हानि, बरबादी, चोरी या अनधिकृत प्रयोग के विरुद्ध सभी परिसंपत्तियों को उपयुक्त रूप से सुरक्षित करें। यदि आप कोई भी ऐसी परिस्थिति या घटना देखते हैं या आपको उसकी जानकारी मिलती है जिसके कारण कंपनी की परिसंपत्तियों की हानि, बरबादी, दुरुपयोग या चोरी हो सकती हो, तो यह जरूरी है कि आप तत्काल उसकी रिपोर्ट मार्वल सुरक्षा, अपने प्रबंधक या मानव संसाधन व्यापारिक भागीदार, अथवा अनुपालन टीम को करें।

**परिसंपत्तियां या संपत्ति क्या हैं? भौतिक संपत्तियों में उपकरण, फर्नीचर, सामग्रियां, कंप्यूटर, सुविधाएं, कंपनी द्वारा दिए गए सेलफोन और कॉर्पोरेट क्रेडिट कार्ड जैसी चीजें शामिल हैं। अन्य मार्वल परिसंपत्तियों में शामिल चीजें हैं, जैसे कि आपके कार्य उत्पाद; नकदी और खाते; पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क, आविष्कार, टेक्नोलॉजी, हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर और व्यापार रहस्य जैसी बौद्धिक संपदा; तथा अन्य गोपनीय, स्वामित्व वाली या गैर-सार्वजनिक जानकारी।**

## टेक्नोलॉजी का प्रयोग

मार्वल हमारे कार्यों को अंजाम देने के लिए विभिन्न प्रकार की टेक्नोलॉजी उपलब्ध कराता है, जैसे कि टेलीफोन, नेटवर्क कंप्यूटर, लैपटॉप और इंटरनेट सुविधा। ये चीजें मार्वल की संपत्ति हैं, और इनका प्रयोग मुख्य रूप से मार्वल का व्यवसाय करने के लिए किया जाना चाहिए। मार्वल द्वारा सीमित, उचित व्यक्तिगत उपयोग की अनुमति दी जाती है, बशर्ते ऐसा उपयोग आपके काम के निष्पादन को नकारात्मक रूप से प्रभावित न करे, और वह कानूनसम्मत एवं उचित हो। जब तक अन्यथा लागू कानूनों द्वारा संरक्षित नहीं हो, आपको मार्वल द्वारा उपलब्ध कराई गई टेक्नोलॉजी का प्रयोग करते समय निजता की आशा नहीं करनी चाहिए। आप मार्वल की नीतियों के उल्लंघन में किसी भी मार्वल सिस्टम या अन्य परिसंपत्तियों का किसी भी गैर-कानूनी या अवैध कार्य

**मार्वेल कंसर्न लाइन**

**concernline.marvell.com पर 24/7 समस्या की रिपोर्ट करें**

को करने के लिए, जिसमें शामिल हैं लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं है उत्पीड़न, धोखाधड़ी, निषिद्ध चीजों की तस्करी, या अश्लील साहित्य को देखना या वितरित करना; अथवा कोई साइड बिजनेस चलाने के लिए प्रयोग नहीं कर सकेंगे।

प्रश्नोत्तर

**प्र. मैं घर में बिटकॉइन माइन करने के लिए कुछ सिस्टम चलाता हूं। मैं काम करने के लिए अपने कंप्यूटर सिस्टम यहां लाना चाहता हूं ताकि ज़्यादा बारीकी से उन पर निगरानी रख सकूं। क्या यह ठीक है?**

उ. नहीं, यह उचित नहीं है। पहली बात, मार्वल द्वारा कॉर्पोरेट, गैर-मार्वल कंप्यूटरों को कॉर्पोरेट नेटवर्क से कनेक्ट करने की अनुमति नहीं दी जाती है। इसके अलावा, क्रिप्टोकरन्सी की माइनिंग करना मार्वल की परिसंपत्तियों का अनुचित प्रयोग है, जिसमें मार्वल के कार्य स्थान, बिजली तथा उस समय का अनुचित प्रयोग शामिल है जो आपको मार्वल में अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने में लगाना चाहिए।

**प्र. मैं अपने चर्च के लिए एक फंड जुटाने के समारोह के आयोजन एवं प्रचार हेतु अपना समय दे रहा हूं। मुझे इस समारोह के लिए पर्चे की कुछ सौ प्रतियां प्रिंट करने की आवश्यकता है, और मैं उन्हें काम पर प्रिंट करके चर्च को दान करना चाहता हूं। यह एक नेक काम के लिए है, अत: यह उचित होना चाहिए, क्या यह सही है?**

उ. हालांकि मार्वल अपने कर्मचारियों द्वारा उनकी पसंद के संगठनों में स्वयंसेवी समय देने का समर्थन करता है, लेकिन गैर-मार्वल परियोजनाओं के लिए मार्वल की परिसंपत्तियों का प्रयोग किया जाना स्वीकार्य नहीं है। मार्वल की परिसंपत्तियों का प्रयोग करके किसी पर्चे की कई सौ प्रतियां बनाना, कंपनी की परिसंपत्तियों के उचित प्रयोग के संबंध में हमारी नीति का उल्लंघन करता है, और मार्वल के समय में करने के लिए अपना बाहरी काम लाना, भले ही वह स्वयंसेवी कार्य हो, हितों का टकराव है।

## मार्वल की गोपनीय जानकारी

यह हम सभी की ज़िम्मेदारी है कि हम हमेशा मार्वल की गोपनीय जानकारी की रक्षा करें। “गोपनीय जानकारी” का अर्थ कंपनी की ऐसी जानकारी से है जो आमतौर पर जनता या उद्योग को मालूम नहीं होती है, और इसमें मार्वल की मालिकाना सूचना, तकनीकी डेटा, व्यापार रहस्य अथवा तकनीकी जानकारी, जिसमें निम्नलिखित भी शामिल हैं लेकिन ये इन्हीं तक सीमित नहीं हैं - अनुसंधान, उत्पाद योजना, उत्पाद, सेवाएं, ग्राहकों की सूचियां और ग्राहक, बाजार, सॉफ्टवेयर, नए विकास, आविष्कार, प्रक्रियाएं, सूत्र, टेक्नोलॉजी, डिजाइन, आरेख, इंजीनियरिंग,.हार्डवेयर कॉन्फ़िग्रेशन जानकारी, मार्केटिंग, वित्त अथवा अन्य व्यावसायिक जानकारी। गोपनीय जानकारी को अनधिकृत रूप से प्रकट करने से मार्वल के कारोबार एवं हमारी प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता को नुकसान पहुंच सकता है। अनुचित प्रकटीकरण आपराधिक दायित्व सहित देयता के लिए शामिल व्यक्तियों के अधीन हो सकता है।

अपने काम को अंजाम देने के लिए जिस सीमा तक आपको गोपनीय जानकारी तक पहुंच की आवश्यकता होगी, यह सुनिश्चित करना भी आपकी जिम्मेदारी होगी कि आपके कब्जे में जो जानकारी है वह चोरी होने, नुकसान पहुंचने, अनधिकृत प्रकटीकरण और/अथवा अनुचित प्रयोग से सुरक्षित रहे। गोपनीय जानकारी को हमेशा सुरक्षित स्थान पर संग्रहित करें, और आपके द्वारा उपयोग की जाने वाली प्रणालियों और आपके पास मौजूद गोपनीय जानकारी के लिए मार्वल की सुरक्षा प्रक्रियाओं का पालन करें। कभी भी गोपनीय जानकारी के बारे में उन जगहों पर चर्चा न करें जहां पर इसे किसी अन्य द्वारा सुना जा सकता है, जैसे कि किसी ट्रेड शो में या हवाई अड्डे पर। कभी भी गोपनीय जानकारी को किसी भी गैर-मार्वल व्यक्ति के समक्ष प्रकट न करें, जब तक आपने अपने प्रबंधक से जांच न कर ली हो कि ऐसा प्रकटीकरण उचित है, और यह सुनश्चित न कर लिया हो कि किसी भी प्रकटीकरण से पहले, एक नॉनडिसक्लोजर ऐग्रीमेन्ट (गोपनीयता समझौता) मौजूद है।

**मार्वल कंसर्न लाइन**

**concernline.marvell.com पर 24/7 समस्या की रिपोर्ट करें**

## मार्वल की बौद्धिक संपदा

हमारी बौद्धिक संपदा हमारी कंपनी की सबसे बड़ी परिसंपत्तियों में से एक है, और हममें से प्रत्येक व्यक्ति इसे सुरक्षित और संरक्षित रखने के लिए जिम्मेदार है। “बौद्धिक संपदा” का अर्थ ऐसी समस्त चीजों से है जिन्हें हम मार्वल के समय में, मार्वल के खर्च पर अथवा मार्वल के व्यापारिक हितों के दायरे के भीतर सृजित करते हैं। इसके उदाहरणों में शामिल हैं आइडिया, आविष्कार, डिजाइन, योजनाएं तथा अन्य कार्य उत्पाद। कानून में दी गई अनुमति की सीमा तक, मार्वल में नियोजित रहने या उसे प्रदान की जाने वाली सेवाओं के परिणामस्वरूप हम जो कुछ भी विकसित करेंगे उन सभी चीजों पर मार्वल का स्वामित्व होगा, चाहे ऐसी संपत्ति पेटेंट योग्य, कॉपीराइट, व्यापार रहस्य अथवा ट्रेडमार्क के द्वारा सुरक्षित हो या नहीं। स्थानीय कानून की शर्तों के अधीन, यह लागू होता है चाहे हम कहीं भी और कभी भी इस प्रकार की बौद्धिक संपदा सृजित करें। हममें से प्रत्येक के लिए जरूरी है कि हम जो भी बौद्धिक संपदा विकसित करें उसकी सूचना मार्वल को दें, और उसकी रक्षा भी जरूरी तौर पर उसी प्रकार करें जिस प्रकार मार्वल की किसी भी अन्य गोपनीय जानकारी की रक्षा करते हैं। भले ही विकसित की गई बौद्धिक संपदा मार्वल के वर्तमान अथवा प्रत्याशित व्यापार से प्रत्यक्ष संबंध न रखती हो, और वह मार्वल में सौंपे गए कार्यों का परिणाम या उनके द्वारा दिया गया सुझाव न हो, फिर भी उस पर मार्वल का स्वामित्व होगा और यह जरूरी है कि उस पर मार्वल के मुख्य टेक्नोलॉजी अधिकारी (या सेंट्रल इंजीनियरिंग के प्रमुख) अथवा मार्वल के कानूनी विभाग में बौद्धिक संपदा कार्यों के प्रमुख को खुलासा किया जाए। स्वामित्व के बारे में समस्त निर्णयों का मूल्यांकन प्रकटीकरण और संबंधित तथ्यों व परिस्थितियों तथा मार्वल की कर्मचारी आविष्कारों का स्वामित्व तय करने की प्रक्रिया के अनुसार किया जाएगा।

## दूसरों की गोपनीय जानकारी और बौद्धिक संपदा

जिस प्रकार आपको मार्वल की गोपनीय जानकारी और बौद्धिक संपदा की सुरक्षा करने की आवश्यकता है, ठीक उसी प्रकार यह भी जरूरी है कि आप अन्य पक्षों की गोपनीय जानकारी और बौद्धिक संपदा को जिम्मेदारी के साथ संचालित करने और उसकी सुरक्षा करने में भी विशेष सावधानी बरतें। किसी अन्य पक्ष की गोपनीय जानकारी और/अथवा बौद्धिक संपदा प्राप्त करने से पहले, यह जरूरी है कि ऐसे अन्य पक्ष के साथ एक गोपनीयता समझौता किया हुआ हो। एक बार जब वह जानकारी हमारे ध्यान में आ जाती है, तो हमें गैर-प्रकटीकरण समझौते की शर्तों का पालन करना चाहिए, और जानकारी या बौद्धिक संपदा के हमारे उपयोग को उस विशिष्ट उद्देश्य तक सीमित करना चाहिए जिसके लिए यह हमें प्रदान किया गया था। यदि आपके मन में कोई प्रश्न है कि क्या अन्य पक्ष की सामग्री को गोपनीय माना जाना चाहिए अथवा क्या गोपनीयता समझौता उपयुक्त है, तो कृपया सहायता के लिए अपने प्रबंधक और कानूनी विभाग से पूछें।

यदि आपके पास किसी पूर्व नियोक्ता या पूर्व पेशेवर संबंध से गोपनीय जानकारी या बौद्धिक संपदा है, तो आप ऐसी जानकारी अथवा बौद्धिक संपदा के स्वामी की स्पष्ट अनुमति के बिना उसे किसी भी रूप में मार्वल में नहीं ला सकते, उसे मार्वल के कर्मचारियों को प्रकट नहीं कर सकते और न ही किसी मार्वल से संबंधित उद्देश्य के लिए उसका उपयोग कर सकते हैं।

यदि आप किसी तीसरे पक्ष की गोपनीय जानकारी या बौद्धिक संपदा गलती से या किसी अज्ञात स्रोत से प्राप्त करते हैं, तो इसका उपयोग करना अनैतिक या अवैध हो सकता है। यह तय करने के लिए कि आगे कैसे बढ़ें, आपको कानूनी विभाग से संपर्क करना जरूरी है।

**मार्वल कंसर्न लाइन**

**concernline.marvell.com पर 24/7 समस्या की रिपोर्ट करें**

## तीसरे पक्ष के सॉफ्टवेयर और ओपन-सोर्स सॉफ्टवेयर का प्रयोग

हम अपने उत्पादों में प्रयोग के लिए ओपन-सोर्स सॉफ्टवेयर सहित, अन्य पक्ष के सॉफ्टवेयर और टेक्नोलॉजी का लाइसेंस रखते हैं। यह ज़रूरी है कि इस प्रकार का प्रयोग लागू लाइसेंस तथा उसके तहत प्रदान किए गए अधिकारों के अनुसार किया जाए। ओपन-सोर्स सॉफ़्टवेयर को डाउनलोड करना या उपयोग करना, या ओपन-सोर्स लाइसेंस के तहत हमारे सॉफ़्टवेयर को रिलीज़ करना, यह सब ओपन-सोर्स सॉफ़्टवेयर पर मार्वल की नीति के अधीन है, जिसमें नीति के लिए आवश्यक अनुमोदन शामिल हैं। यदि आप किसी अन्य पक्ष के सॉफ्टवेयर अथवा ओपन-सोर्स सॉफ्टवेयर के प्रयोग के लाइसेंस अधिकारों अथवा किसी ओपन-सोर्स लाइसेंस के तहत हमारे सॉफ्टवेयर को जारी करने की अपेक्षाओं के बारे में अनिश्चित हैं, तो आगे बढ़ने से पहले कानूनी टीम के किसी सदस्य से संपर्क करें।

प्रश्नोत्तर

**प्र. मैं एक वितरक से मिलने गया था, और जब मैं अपनी बैठक शुरू होने की प्रतीक्षा कर रहा था, मैंने टेबल पर हमारे एक प्रतियोगी के कुछ दस्तावेज़ देखे। मैंने देखा कि दस्तावेज़ों में से एक हमारे प्रतियोगी के तीन साल के उत्पाद रोडमैप के मालूम होता था। दस्तावेजों को "गोपनीय" लेबल किया गया था। मुझे क्या करना चाहिए था?**

उ. सबसे पहले, हालांकि यह प्रलोभन भरा हो सकता है, लेकिन दस्तावेजों को पढ़ें नहीं, और उन्हें अपने साथ न ले जाएं। किसी अन्य कारोबार की गोपनीय, स्वामित्व वाली या प्रतिस्पर्धात्मक जानकारी का प्रयोग करने से मार्वल की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंच सकता है, और आप पर तथा मार्वल पर कानूनी दायित्व आ सकते हैं। सबसे अच्छा तरीका यह रहेगा कि जब आपका व्यापारिक संपर्क आपके साथ शामिल हो तब दस्तावेज़ों के बारे में उसे बताया जाए।

**प्र. मेरा एक दोस्त एक हाई-टेक कंपनी के लिए काम करता है और जब हम मिलते हैं तो वह हमेशा "टॉक शॉप" करना चाहता है। वह प्रबंधन में या ऐसी किसी जगह नहीं है, अत: हमारी नौकरियों से संबंधित नोट्स की तुलना करने में क्या हर्ज़ है?**

उ. नई तकनीकों, नए-नए आइडिया और समाधानों के बारे में एक ऐसे मित्र से बात करना मजेदार होता है जो नवप्रयोग की सराहना कर सकता है - लेकिन जरूरी नहीं है कि ऐसा करना हानिरहित हो। आपको हमेशा सावधान रहना चाहिए कि मार्वल की गोपनीय अथवा गैर-सार्वजनिक जानकारी प्रकट न हो जाए। भले ही आपके मित्र की आपकी नौकरी में वास्तविक और निष्कपट रुचि हो, लेकिन आप उसे जो जानकारी देंगे उसके प्रकटीकरण से उसे किसी भी प्रकार नहीं रोक सकेंगे।

## प्रमुख संसाधन

कर्मचारी पुस्तिका
सूचना प्रणाली स्वीकार्य उपयोग नीति
ओपन सोर्स नीति

**मार्वेल कंसर्न लाइन**

**concernline.marvell.com पर 24/7 समस्या की रिपोर्ट करें**

## तकनीकी मानक समूह

मार्वल ऐसे उद्योग संगठनों में भाग लेता है जो व्यापक तौर पर अपनाए जाने और अंत:क्रियाशीलता के लिए तकनीकी मानकों का विकास करते हैं या उन्हें बढ़ावा देते हैं। तकनीकी मानकों के समूहों में भागीदारी मार्वल की गोपनीय या मालिकाना जानकारी या हमारी बौद्धिक संपदा की सुरक्षा के लिए आपकी जिम्मेदारियों में बाधा बन सकती है, और यह कानूनी मुद्दों को भी उठा सकती है। तकनीकी मानकों से संबंधित गतिविधियों में शामिल होने से पहले अनुमोदन प्राप्त करना जरूरी है, जिसमें एक मानक संगठन या कार्य समूह में शामिल होना, या एक मानक के लिए प्रौद्योगिकी का योगदान शामिल है। अपने प्रबंधक और मानक समिति के साथ यह निर्धारित करने के लिए काम करें कि क्या मार्वल पहले से ही संगठन के साथ भाग लेता है या नहीं। यदि हम ऐसा नहीं करते हैं, तो कानूनी विभाग को आपकी भागीदारी से पहले संगठन के उप-नियमों, सदस्यता अनुबंध या बौद्धिक संपदा नीति, जैसा लागू हो, की समीक्षा और अनुमोदन करना होगा। एक बार जब अनुमोदन और समझौता हो जाता है और आप संगठन के साथ काम करना शुरू कर देते हैं, तो यह ध्यान में रखें कि किसी भी गोपनीय या स्वामित्व वाली मार्वल की जानकारी का खुलासा ना करें, और यह सुनिश्चित करने के लिए उचित कदम उठाएं कि आप मार्वल की बौद्धिक संपदा और अन्य गोपनीय या स्वामित्व जानकारी की रक्षा कर रहे हैं।

## प्रमुख संसाधन

विश्वव्यापी अनुबंध प्रबंधन नीति
अनुबंध इन्ट्रानेट साइट
मानक समिति इन्ट्रानेट साइट

## अनुबन्ध और प्रतिबद्धताएं

अनुबन्धों पर बातचीत और उनके क्रियान्वयन के संबंध में मार्वल की नीतियां एवं प्रक्रियाएं हैं, जिसमें यह भी शामिल है कि कौन से अनुबंधों की समीक्षा कानूनी विभाग द्वारा किए जाने की आवश्यकता है। यह बहुत अहम है कि सभी मामलों में हमारी अनुबंध नीतियों और प्रक्रियाओं का पालन किया जाए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मार्वल और अन्य पक्षों के बीच सभी समझौते उचित प्रकार से दर्ज किए जाएं, और सभी प्रतिबद्धताएं मार्वल की नीतियों और प्रक्रियाओं के अनुसार अनुमोदित की गई हों।

**महत्वपूर्ण**

**लिखित या मौखिक व्यापारिक संप्रेषण जिनमें "हमारा वादा है", "मार्वल की प्रतिबद्धता है" अथवा "मैं सहमत हूं" कहा गया हो, संभावित समझौते हैं जिनकी समीक्षा करने और अनुमोदित करने की आवश्यकता होगी।**

## अनौपचारिक अनुबंध (साइड लेटर)

साइड लेटर या साइड एग्रीमेंट औपचारिक अनुबंध के बाहर बनाए गए समझौते होते हैं, जो किसी मौजूदा अनुबंध की शर्तों को बिना दस्तावेज और मंजूरी के मार्वेल की नीतियों के अनुसार संशोधित और सरल करने का प्रयास करते हैं। संभावित साइड लेटर के उदाहरणों में मौखिक या लिखित प्रतिबद्धताओं या विस्तारित भुगतान शर्तों, मुफ्त या रियायती उत्पादों, वापसी के अधिकार, छूट, या उत्पाद खरीदने के लिए अन्य प्रतिबद्धता या प्रोत्साहन के बारे में वादे शामिल हैं। जब तक मार्वल की नीतियों के अनुसार दस्तावेज़ीकारण और अनुमोदन नहीं किया जाता है, साइड लेटर से लेखांकन और वित्तीय रिपोर्टिंग अनियमितताओं का खतरा बढ़ जाता है, और यह मार्वल द्वारा निषिद्ध हैं।

**मार्वेल कंसर्न लाइन**

**concernline.marvell.com पर 24/7 समस्या की रिपोर्ट करें**

प्रश्नोत्तर

**प्र. मैं एक बहुत ही कम मार्केटिंग बजट के साथ अपने बिक्री क्षेत्र में अपनी मार्केट का विकास कर सकता हूं। लेकिन, मार्केटिंग की अन्य प्राथमिकताएं हैं और वे मुझे यह बजट नहीं देंगे। यदि मैं वितरक को बड़ी मानक छूट देता हूं, तो वितरक तैयार है कि वह बढ़ती हुई राशि को एक मार्केटिंग कार्यक्रम के लिए अलग रखेगा जिसे मैं और वितरक प्रबंधित करेंगे। क्या यह रचनात्मक आइडिया सही है क्योंकि इसका उद्देश्य मार्वल को फायदा पहुंचाना है?**

उ. नहीं, इस प्रस्ताव के साथ कई समस्याएं हैं। अन्य पक्षों के साथ "स्लश फंड" (अवैध कार्यों के लिए रखा धन) अथवा बही-खातों से हटकर लेखे निर्धारित करने की कभी भी अनुमति नहीं है। आपके द्वारा प्रस्तावित व्यवस्था लेन-देन की वास्तविक प्रकृति को गलत तरीके से प्रस्तुत करके छुपाती है जिसे हमारी पुस्तकों में व्यय और राजस्व के रूप में माना जाना चाहिए और दर्ज किया जाना चाहिए। साथ ही, इसकी एक अनुचित साइड लेटर होने की भी संभावना है। सभी मार्केटिंग व्यवस्थाओं को हमारी नीतियों के अनुसार अनुमोदित किए गए अनुबंध में पूरी तरह से प्रलेखित करना जरूरी है।

**प्र. मार्वल के पास बड़े ग्राहक को उत्पाद की एक बड़ी मात्रा को बेचने के लिए एक लिखित बिक्री अनुबंध है। बड़े ग्राहक चिंतित होते हैं कि भविष्य में इकाइयों की मांग में गिरावट आ सकती है, और मेरे प्रबंधक, बड़े ग्राहक के बिक्री प्रतिनिधि से पूछ सकते हैं, कि क्या वे भविष्य में किसी भी अप्रयुक्त उत्पाद को वापस कर सकते हैं। मेरे प्रबंधक ने एक बड़े ग्राहक को ईमेल भेजा (मुझे प्रति भेजते हुए) और लिखा: "हम यह सुनिश्चित करेंगे कि यदि ऐसा होता है तो आपको कोई समस्या नहीं होगी।" क्या यह साइड लेटर है?**

उ. प्रबंधक का ईमेल एक वादा है, और अगर यह मार्वल की नीतियों के अनुसार ठीक से अनुमोदित नहीं किया गया है, तो यह एक अज्ञात साइड लेटर होगा। आपको तुरंत कानूनी विभाग या मार्वल कंसर्न लाइन से संपर्क करना चाहिए।

## प्रमुख संसाधन

विश्वव्यापी अनुबंध प्रबंधन नीति

## उत्पीड़न और भेदभाव

मार्वल ऐसे काम के माहौल के लिए प्रतिबद्ध है जिसमें सभी व्यक्तियों के साथ सम्मान का व्यवहार किया जाता है। मार्वल को उम्मीद है कि मार्वल के कर्मचारियों के बीच सभी रिश्ते व्यावसायिक होंगे और भेदभाव, पूर्वाग्रह और उत्पीड़न से मुक्त होंगे। मार्वल उन कर्मचारियों या गैर-कर्मचारियों के साथ भेदभाव या उत्पीड़न को बर्दाश्त नहीं करेगा जिनके साथ हमारा व्यवसाय, सर्विस या पेशेवर संबंध है, जिसमें कर्मचारियों, ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं, और रोजगार के लिए आवेदकों के साथ बातचीत, या किसी भी अन्य बातचीत में जिसमें आप मार्वल का प्रतिनिधित्व करते हैं।

**अस्वीकार्य आचरण के उदाहरण हैं:** अपमान; धमकियां; भय पैदा करना; उपहास करना; अश्लीलता; भेदभाव; उत्पीड़न; शारीरिक अथवा मौखिक दुर्व्यवहार; यौन इशारों वाले हास्य, वार्तालाप या व्यवहार; गपशप; बदनाम करना या रूढ़वादिता; अनचाही यौन चेष्टाएं; अनचाहे स्पर्श अथवा निजी स्थान का अतिक्रमण; दूसरों के अधिकारों की उपेक्षा करना; और दूसरों की मान्यताओं एवं रीति-रिवाजों के प्रति असंवेदनशीलता।

यदि आपको लगता है कि आपको उत्पीड़ित किया गया है या आपके साथ भेदभाव किया गया है, अथवा आपने ऐसा व्यवहार देखा हो, तो मानव संसाधन के किसी भी सदस्य या किसी सुपरवाइज़र या प्रबंधक को घटना की रिपोर्ट करें, जिसमें मुख्य कार्यकारी अधिकारी तक शामिल हैं।

महत्वपूर्ण

**उत्पीड़न और भेदभाव के मामले मार्वल द्वारा बिलकुल भी सहन नहीं किए जाते हैं, और ये दोनों मार्वल के अहम व्यवहारों के साथ असंगति में हैं।**

**मार्वल कंसर्न लाइन**

**concernline.marvell.com पर 24/7 समस्या की रिपोर्ट करें**

## प्रमुख संसाधन

एचआर इन्ट्रानेट साइट
कर्मचारी पुस्तिका

## गोपनीय कर्मचारी जानकारी

मार्वल में अपनी भूमिका में, आपकी पहुंच अन्य मार्वल कर्मचारियों, अथवा आवेदकों की व्यक्तिगत जानकारी तक हो सकती है, जिसमें उनका रोजगार इतिहास, नाम, पता, राष्ट्रीय पहचान संख्या (जैसे सामाजिक सुरक्षा संख्या), पृष्ठभूमि जांच संबंधी जानकारी, मुआवजे, स्वास्थ्य संबंधी जानकारी, अथवा प्रदर्शन और अनुशासनात्मक मामले शामिल हैं। यह जानकारी गोपनीय है, और मार्वल कानूनी और ऑपरेटिंग के उद्देश्यों के लिए एकत्रित सभी व्यक्तिगत और गोपनीय कर्मचारी जानकारी की रक्षा करेगा। यदि आपके पास कर्मचारियों की गोपनीय जानकारी तक पहुंच है, तो आपको उस जानकारी के संग्रह, उपयोग और प्रकटीकरण के संबंध में सभी लागू डेटा गोपनीयता और डेटा सुरक्षा नीतियों और कानूनों का पालन करना होगा। कर्मचारी गोपनीय जानकारी को साझा करने से पहले, आपको पहले कानूनी विभाग में पता करना जरूरी है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आपके पास उचित अनुमोदन हैं।

**किसी नए सेवा प्रदाता को अनुबंधित करते समय, जिसे मार्वल के कर्मचारी डेटा, जैसे कि पेरोल जानकारी, कर्मचारियों की व्यक्तिगत जानकारी अथवा रोजगार के रिकॉर्डों की आवश्यकता हो या वह इन्हें संभालता हो, कानूनी टीम के साथ काम करके यह तय करना आपकी जिम्मेदारी है कि डेटा प्रसंस्करण समझौता (डीपीए) किया हुआ है या नहीं।**

## कार्यस्थल संबंधी निजता

हालांकि मार्वल आपकी निजता का सम्मान करता है, लेकिन उसके पास कंप्यूटरों, फोन रिकॉर्डों, लॉकरों, ई-मेल, फाइलों, व्यापारिक दस्तावेजों, कार्यालयों और वर्कस्टेशनों सहित मार्वल की सुविधाओं और संपत्ति का निरीक्षण करने का अधिकार सुरक्षित है। इसके अलावा और पूर्व सूचना दिए बिना, मार्वल द्वारा कानून प्रवर्तन एजेंसियों को ऐसी जानकारी प्रकट की जा सकती है जो किसी तलाशी के दौरान पता चली हो और जो संभावित गैरकानूनी व्यवहार की ओर इशारा करती हो। जब तक अन्यथा लागू कानूनों द्वारा संरक्षित नहीं हो, आपको मार्वल द्वारा उपलब्ध कराई गई सेवाओं या उपकरणों का प्रयोग करते समय निजता की आशा नहीं करनी चाहिए।

## प्रमुख संसाधन

कर्मचारी पुस्तिका

## सोशल मीडिया का उचित उपयोग

इलेक्ट्रॉनिक संदेश (जैसे ईमेल और टेक्स्ट संदेश) और ब्लॉग, चैट रूम, सोशल मीडिया और नेटवर्किंग साइटों (जैसे फेसबुक, ट्विटर और लिंक्डइन) पर पोस्ट स्थायी, हस्तांतरणीय रिकॉर्ड हैं, और यह मार्वल की प्रतिष्ठा और व्यावसायिक हितों को प्रभावित कर सकता है। इस प्रकार के संचार का प्रारूपण करते समय सावधानी बरतें और विचार करें कि वे मार्वेल को कैसे प्रभावित करते हैं। सोशल मीडिया और नेटवर्किंग साइटों पर पोस्ट करना केवल आपकी व्यक्तिगत तौर पर किया जा सकता है ना कि मार्वेल की ओर से, जब तक कि आपको मार्वल द्वारा ऐसा करने के लिए विशेष रूप से अधिकृत नहीं किया गया है। हालाँकि, आप कभी भी किसी भी सोशल मीडिया या नेटवर्किंग साइटों पर मार्वल की किसी भी गोपनीय जानकारी को पोस्ट नहीं कर सकते हैं।

**मार्वेल कंसर्न लाइन**

**concernline.marvell.com पर 24/7 समस्या की रिपोर्ट करें**

## समर्थन

मार्वल के प्रतिनिधि के रूप में, आप अपने वाइस प्रेसिडेंट और कॉर्पोरेट मार्केटिंग टीम से अनुमोदन के बिना किसी अन्य कंपनी के उत्पादों या सेवाओं का समर्थन नहीं कर सकते।

प्रश्नोत्तर

**प्र. मैं एक विक्रेता के साथ काम करता हूं जो मार्वल के लिए क्लाउड-आधारित ट्रैकिंग टूल की आपूर्ति करता है। मैं इस विक्रेता से तकनीकी सहायता, रिपोर्ट आदि के लिए हर समय बात करता हूं। हाल ही में उन्होंने मुझसे पूछा कि क्या मैं एक पत्र पर यह कहते हुए हस्ताक्षर करता हूं कि उनकी सेवाएं कितनी अच्छी हैं। सेवाएं वाकई अच्छी हैं। क्या मैं पत्र पर हस्ताक्षर कर सकता हूं?**

उ. आपके वाइस प्रेजीडेंट और कॉर्पोरेट मार्केटिंग टीम के अनुमोदन के बिना नहीं। भले ही सेवाएं शानदार हों, लेकिन मार्वल की नीति आपको उपयुक्त अनुमोदनों के बिना पत्र पर हस्ताक्षर करने की अनुमति नहीं देती है, क्योंकि ऐसा करके, आप यह घोषणा कर रहे हैं कि मार्वल द्वारा विक्रेता के उत्पाद का समर्थन किया जा रहा है।

**प्र. मेरी एक मित्र है जिसने अभी-अभी एक बैगल की दुकान खोली है, और वह अपनी वेबसाइट पर समर्थन के लिए ग्राहकों की तलाश में है। क्या इस प्रकार का समर्थन ठीक है?**

उ. हां, जब तक आप अपनी व्यक्तिगत क्षमता में समर्थन प्रदान करते हैं, और अपने मार्वल पदनाम या संबद्धता के साथ नहीं हैं।

### प्रमुख संसाधन

बाहरी संचार नीति
सोशल मीडिया नीति
कर्मचारी पुस्तिका - खंड: प्रकाशन नीति

**मार्वल कंसर्न लाइन**

**concernline.marvell.com पर 24/7 समस्या की रिपोर्ट करें**

# हमारे शेयरधारक



## इनसाइडर ट्रेडिंग (भेदिया व्यापार) और टिपिंग (गुप्त सूचना) से बचना

आपको लागू प्रतिभूति (सिक्युरिटी) कानूनों का पालन करना जरूरी है। मार्वल ने एक भेदिया व्यापार निषेध नीति और दिशानिर्देश अपनाया है, जो दुनिया भर में हमारे सभी निदेशकों और कर्मचारियों पर लागू होता है। इस नीति में मार्वल और अन्य कंपनियों की प्रतिभूतियों में व्यापार के संबंध में आपके दायित्व निर्धारित किए गए हैं, जिसमें ऐसी स्थिति में व्यापार का निषेध भी शामिल है जब ऐसी जानकारी मालूम हो जो सार्वजनिक रूप से घोषित न की गई हो और जिसका स्टॉक मूल्यों पर महत्वपूर्ण प्रभाव हो सकता हो। यह न केवल मार्वल के स्टॉक को खरीदने और बेचने पर लागू है, बल्कि अन्य पक्ष के स्टॉक पर भी लागू है, जैसे कि मार्वल के किसी आपूर्तिकर्ता या ग्राहक के स्टॉक। जब आपको किसी कंपनी के स्टॉक से संबंधित महत्वपूर्ण, गैर-सार्वजनिक जानकारी पता हो तब दूसरों को सुझाव देना भी कि स्टॉक कब खरीदें या बेचें, मार्वल की नीति के विरुद्ध है, और गैर-कानूनी है।

मार्वल के कर्मचारी, कार्यकारी अधिकारी और निदेशक मंडल के सदस्य ब्लैकआउट अवधि की शर्तों के अधीन हैं, जिस दौरान उनके लिए मार्वल के स्टॉक में व्यापार करना निषिद्ध होता है, जैसा कि भेदिया व्यापार निषेध नीति और दिशानिर्देश में बताया गया है। भले ही मार्वल ब्लैकआउट अवधि के अधीन न हो, फिर भी, जब आपको महत्वपूर्ण, गैर-सार्वजनिक जानकारी पता हो, तो आप कभी भी स्टॉक खरीद या बेच नहीं सकते।

**मार्वल कंसर्न लाइन**

**concernline.marvell.com पर 24/7 समस्या की रिपोर्ट करें**

प्रश्नोत्तर

**प्र. मुझे कैसे पता चलेगा कि जानकारी पता होने के कारण किसी कंपनी के स्टॉक मूल्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव हो सकता है?**

उ. जानकारी तब महत्वपूर्ण होगी जब वह किसी निवेशक के लिए किसी कंपनी के स्टॉक खरीदने या बेचने का निर्णय लेने के लिए महत्वपूर्ण हो। विशेष रूप से, जानकारी तब महत्वपूर्ण होती है जब आप या कोई विवेकी निवेशक यह अपेक्षा करे कि ऐसी जानकारी से कंपनी के स्टॉक की कीमत पर प्रभाव पड़ेगा। सकारात्मक और नकारात्मक दोनों तरह की जानकारी जरूरी हो सकती है। याद रखें कि कंपनी के स्टॉक को खरीदने या बेचने के आपके निर्णय का मूल्यांकन पीछे देखते हुए तथ्य के साथ किया जा सकता है; तदनुसार, किसी विशेष जानकारी के महत्वपूर्ण होने से संबंधित प्रश्नों को महत्वपूर्ण होने के पक्ष में हल किया जाना चाहिए, और यदि आप अनिश्चित हैं कि जानकारी महत्वपूर्ण है या नहीं, तो व्यापार से बचा जाना चाहिए।

**प्र. प्रश्न जानकारी कब "सार्वजनिक" होती है?**

उ. जब तक प्रेस विज्ञप्ति, सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (एसईसी) में फाइलिंग अथवा मार्वल के किसी वरिष्ठ अधिकारी के सार्वजनिक वक्तव्य जैसे उपयुक्त चैनलों के माध्यम से जनता को जानकारी जारी नहीं कर दी जाती है, और निवेश बाजार द्वारा जानकारी को अवशोषित करने और उसका मूल्यांकन करने देने के लिए पर्याप्त समय न बीत गया हो, तब तक जानकारी को जनता के लिए उपलब्ध नहीं माना जाता है। मार्वल में, किसी जानकारी के सार्वजनिक प्रकटीकरण के बाद एक पूर्ण व्यापार दिवस तक, ऐसी जानकारी को गैर-सार्वजनिक माना जाता है।

**प्र. "महत्वपूर्ण, गैर-सार्वजनिक जानकारी" दरअसल क्या होती है?**

उ. महत्वपूर्ण, गैर-सार्वजनिक जानकारी के आम उदाहरणों में शामिल हैं - कंपनी के वित्तीय परिणाम, आय के अनुमान, महत्वपूर्ण व्यावसायिक अधिग्रहण या बिक्रियां, किसी प्रमुख ग्राहक या आपूर्तिकर्ता का लाभ या हानि, प्रबंधन अथवा निदेशक मंडल में परिवर्तन, स्टॉक विभाजन, प्रमुख मुकदमे, और सरकारी एजेंसियों के कुछ संप्रेषण अथवा फैसले।



**मार्वेल कंसर्न लाइन**

**concernline.marvell.com पर 24/7 समस्या की रिपोर्ट करें**

प्रश्नोत्तर

**प्र. मेरे पास कुछ वेस्टेड आरएसयू और ईएसपीपी शेयर हैं, और मैं मार्वल के शेयरों को कोलैटरल (गारन्टी) के तौर पर प्रयोग करके, एक कवर्ड कॉल अनुबंध लिखना चाहूंगा, जिसे ऑप्शन कान्ट्रैक्ट बेचना भी कहा जाता है। क्या ऐसा करने की अनुमति है?**

उ. नहीं, ऐसा नहीं है। मार्वेल के कर्मचारियों, निदेशकों, ठेकेदारों और सलाहकारों को मार्वेल प्रतिभूतियों के "लघु बिक्री", और साथ ही साथ मार्वेल प्रतिभूतियों से जुड़े "व्युत्पन्न प्रतिभूतियों," स्वैप फंड्स, कॉल ऑप्शंस और पुट ऑप्शंस सहित, में व्यापार करने से प्रतिबंधित किया गया है। कृपया आंतरिक व्यापार निषेध नीति और दिशानिर्देश में शीर्षक "व्युत्पन्न प्रतिभूतियों में लघु विक्रय, प्रतिरक्षा करने, ज़मानत देने और व्यापार करने पर नीति" खंड की समीक्षा करें।

**प्र. मैं मार्वल में इंजीनियर हूं और कंपनी में किसी भी एम एंड ए कार्यकलाप से नहीं जुड़ी हूं। मेरे बॉयफ्रेंड ने मुझे बताया कि उसकी कंपनी अधिग्रहण किए जाने के बारे में मार्वल के साथ बातचीत कर रही है, और यह कि मुझे अभी उसकी कंपनी में स्टॉक खरीद लेने चाहिए, क्योंकि अधिग्रहण की घोषणा होने के बाद शायद उसके स्टॉक के दाम आसमान छूने लगेंगे। चूंकि हम विवाहित नहीं हैं, और हमारे बैंक खाते अलग-अलग हैं, और मैं एम एंड ए चर्चाओं में शामिल नहीं रहती हूं, तो क्या मेरे लिए उसकी कंपनी में स्टॉक खरीदना उचित होगा?**

उ. नहीं, महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी का प्रयोग निजी उद्देश्यों के लिए करना या उसे दूसरों को प्रकट करना गैर-कानूनी है, और यह मार्वल की भेदिया व्यापार निषेध नीति और दिशानिर्देश का उल्लंघन करता है। ऐसी परिस्थिति में, आप और आपका बॉयफ्रेन्ड दोनों परेशानी में पड़ सकते हैं। यदि आपका बॉयफ्रेन्ड आपको महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी देता है, तो अदालत को पता चल सकता है कि वह अपनी कंपनी के लंबित अधिग्रहण के बारे में गुप्त जानकारी देकर लाभ कमाने या कुछ और हासिल करने में आपकी सहायता करने का प्रयास कर रहा था, और यह कि आपने निजी लाभ के लिए महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी का प्रयोग किया था।

## प्रमुख संसाधन

भेदिया व्यापार निषेध नीति और दिशानिर्देश
कर्मचारी पुस्तिका

## मीडिया और वित्तीय समुदाय के साथ संप्रेषण

एक पब्लिक कंपनी होने के नाते, मार्वल के लिए जरूरी है कि वह हमारे वित्तीय परिणामों, परिचालनों एवं अन्य महत्वपूर्ण घटनाओं के बारे में पूर्ण, निष्पक्ष, सटीक, समय पर और समझ में आने योग्य जानकारी प्रकट करे। इसके अलावा, दूसरों को गुमराह करने के उद्देश्य से तथ्यों को गलत न बताया जाए, महत्वपूर्ण जानकारी को छोड़ा न जाए, और रिकॉर्ड अथवा रिपोर्टों को संशोधित न किया जाए। यह सुनिश्चित करने के लिए कि मार्वल के प्रकटीकरण उचित तरीके से संप्रेषित किए जाएं और वे मार्वल की नीतियों और कानून के अनुपालन में हों, मार्वल ने कुछ विशेष कर्मचारियों को प्रेस तथा वित्तीय समुदाय से संवाद करने के लिए अधिकृत किया है। मार्वल प्रेस या वित्तीय समुदाय को अनधिकृत लीक या कॉर्पोरेट जानकारी के खुलासे को बर्दाश्त नहीं करेगा। प्रेस अथवा वित्तीय समुदाय से किसी भी पूछताछ को तुरंत मार्वल के निवेशक संबंध विभाग को निर्देशित किया जाना जरूरी है। किसी भी कर्मचारी को मार्वल की ओर से मीडिया से बात करने की अनुमति नहीं है, जब तक कि उसे ऐसा करने के लिए हमारी बाहरी संप्रेषण नीति के अनुसार पुर्वानुमोदन हासिल न हो।

**मार्वेल कंसर्न लाइन**

**concernline.marvell.com पर 24/7 समस्या की रिपोर्ट करें**

## उद्योग सलाहकार अथवा उद्योग विशेषज्ञ

कभी-कभी, अन्य संगठन आपको उनके साथ परामर्श करने या टेक्नोलॉजी उद्योग, सेमीकंडक्टर उद्योग अथवा मार्वल के बारे में आपकी राय देने का अवसर प्रदान कर सकते हैं। कभी-कभी ये प्रस्ताव वित्तीय प्रोत्साहन के साथ मिलते हैं। हालांकि, इस तरह का "परामर्श", आपके और मार्वेल के लिए गंभीर जोखिम पैदा करता है, जिसमें सामग्री गैर-सार्वजनिक या अन्य गोपनीय या मार्वेल के बारे में आंतरिक जानकारी का संभावित जोखिम शामिल है। अत:, आपके लिए “उद्योग परामर्शदाता” या “उद्योग विशेषज्ञ” के रूप में शामिल होना निषिद्ध है, चाहे आपको भुगतान किया जा रहा हो या नहीं।

प्रश्नोत्तर

**प्र. मुझे एक अनुसंधान विश्लेषक से मेरे लिंक्डइन ई-मेल के माध्यम से एक संदेश मिला। उसने लिखा कि वह एक विशेषज्ञ नेटवर्क फर्म के लिए काम करता है जो ग्राहकों को उद्योग पेशेवरों से जोड़ती है, और वह सेमीकंडक्टर उद्योग पर एक उच्चस्तरीय संक्षिप्त विवरण प्राप्त करने की उम्मीद कर रहा है। उन्होंने मुझे इंडस्ट्री से जुड़े सवालों के बारे में बात करने के लिए भुगतान करने की पेशकश की। यह मुझे आसानी से कमाया जाने वाला धन लगता है। क्या मैं इस परामर्श अवसर को ले सकता हूं?**

उ. नहीं, मार्वल अपने कर्मचारियों को उचित रूप से अधिकृत किए बिना, उद्योग “सलाहकार” अथवा “विशेषज्ञ” के रूप में काम करने की अनुमति नहीं देता है। यदि आप मार्वल के निर्दिष्ट किए गए प्रवक्ता नहीं हैं, तो आप मार्वल की ओर से बोलने के लिए अधिकृत नहीं हैं। इसके अलावा, आप मार्वल अथवा इसके आपूर्तिकर्ताओं, ग्राहकों अथवा प्रतिस्पर्धियों के बारे में प्राप्त की गई किसी भी ऐसी गैर-सार्वजनिक, गोपनीय या मालिकाना जानकारी का निजी फायदे के लिए प्रयोग नहीं कर सकते जो आपने मार्वल में अपने रोजगार अथवा सेवा देने के दौरान प्राप्त की हो। आपको पहले सूचित किए बिना और सीओआई समिति से अनुमोदन लिए बिना, परामर्श अवसर को स्वीकार नहीं करना चाहिए।

## सार्वजनिक वक्तव्य और प्रकाशन

सार्वजनिक वक्तव्य की व्यस्तताएँ जो मार्वल या उसके उत्पादों से संबंधित हैं, उन्हें बाहरी संचार नीति के लिए पूर्व-स्वीकृत होना चाहिए। यदि आपसे व्यक्तिगत रूप से या वर्चुअल तौर पर अपनी आवाज़ उठाने का अनुरोध किया जाता है, जहां आप मार्वल उत्पादों, संचालन, व्यवसाय और योजनाओं से संबंधित जानकारी साझा करेंगे, तो आपको पुब्लिकेशन और स्पीकिंग ऑथरिज़ेशन फॉर्म को पूरा करके तकनीकी समीक्षा बोर्ड से पूर्व-अनुमोदन प्राप्त करना होगा।

यदि आपसे व्यक्तिगत रूप से या वर्चुअल रूप से, किसी व्यावसायिक सम्मेलन या बैठक, जो तकनीकी प्रकृति के नहीं हैं (उदाहरण के लिए विविधता के बारे में एक पैनल में भागीदारी), में बोलने का अनुरोध किया जाता है, तो आपको हितों का टकराव प्रकटीकरण प्रपत्र को भरकर सीओआई समीक्षा समिति से पूर्व-स्वीकृति प्राप्त करनी होगी। व्यक्तिगत क्षतिपूर्ति या मानदेय का कोई भी रूप, या खर्चों के लिए प्रतिपूर्ति (जैसे, यात्रा और आवास खर्च) को भी सीओआई समीक्षा समिति द्वारा पूर्व-स्वीकृत किया जाना चाहिए।

यदि आपसे मार्वेल या उसके उत्पादों या व्यापार से संबंधित किसी लेख, श्वेत पत्र या अन्य दस्तावेज़ को लिखने का अनुरोध किया गया है या आप ऐसी कोई योजना बना रहे हैं, तो आपको प्रकाशन से पहले यह सुनिश्चित करना होगा कि आप मार्वेल कर्मचारी पुस्तिका में दिए गए प्रकाशन नीति खंड का अनुपालन कर रहे हैं। आपको प्रकाशन और बोलने का प्राधिकरण प्रपत्र को भरकरपूर्व-स्वीकृति प्राप्त करनी होगी। मुद्रित प्रकाशनों के उदाहरणों में आलेख, कागज़ात, प्रस्तुतियां या ब्लॉग शामिल हैं, और सार्वजनिक रूप से बोलने की प्रतिबद्धताओं में आम तौर पर सम्मेलन की प्रस्तुतियां या मानक निकायों में योगदान शामिल होता है।

**मार्वेल कंसर्न लाइन**

**concernline.marvell.com पर 24/7 समस्या की रिपोर्ट करें**

## वित्तीय मामले और व्यापारिक प्रथाएं

सभी लेनदेन और व्यावसायिक रिकॉर्ड हमारी नीतियों और लागू कानूनों का अनुपालन करते हुए हमारे बही खातों और रिकॉर्डों में पूरे, सही और सटीक रूप से दर्ज किए जाने अनिवार्य हैं।

### प्रमुख संसाधन

हितों के टकराव का प्रकटीकरण फॉर्म

प्रकाशन और बोलने का प्राधिकरण प्रपत्र

## व्यापारिक रिकॉर्ड

व्यापार रिकॉर्ड या कारोबार रिकॉर्ड, कागज अथवा इलेक्ट्रॉनिक रूप में (जिसमें ई-मेल शामिल है) कोई भी ऐसा दस्तावेज़ या संप्रेषण है जिसका कारोबार प्रक्रिया में आदान-प्रदान किया जाता है और जिसे बनाए रखा जाता है। व्यापार रिकॉर्डों में प्वाइंट-ऑफ-सेल रिपोर्टें, इनवॉइस, खरीद ऑर्डर, वस्तु-सूची (इन्वेंटरी) रिपोर्टें, गुणवत्ता नियंत्रण परीक्षण, यात्रा और व्यय रिपोर्टें, टाइमकार्ड, अनुबंध और कानूनी समझौते, तथा अन्य प्रलेखन एवं संप्रेषण शामिल हो सकते हैं। मार्वल के कानूनी, वित्तीय और प्रबंधन दायित्वों को पूरा करने के लिए सही और पूरा व्यापारिक रिकॉर्ड बनाए रखना जरूरी होता है, और सभी व्यापारिक रिकॉर्ड और रिपोर्ट पूर्ण, निष्पक्ष, सही, समय पर और समझने योग्य होने चाहिए। आपको कभी भी न तो तथ्यों को गलत रूप में पेश करना चाहिए, न महत्वपूर्ण जानकारी छोड़नी चाहिए, न रिकॉर्ड में फेर बदल करनी चाहिए, और न किसी लेनदेन की वास्तविक प्रकृति को छिपाने या उसका रूप बदलने का प्रयास करना चाहिए, तथा कभी भी ऐसा करने में दूसरों की सहायता नहीं करनी चाहिए।

प्रश्नोत्तर

**प्र. मुझे हाल ही में पता चला है कि कुछ भुगतान योग्य खातों को गलती से विज्ञापन के रूप में दर्ज किया गया था जब कि वे वास्तव में मनोरंजन के रूप में दर्ज होने थे। खर्च की गई कुल राशि उतनी ही थी, और भुगतानों में कोई गलती नहीं थी। यदि हम अपने बही खातों में व्यय को गलत श्रेणी में दिखाते हैं तो क्या यह कोई बड़ी बात है?**

उ. हाँ। मार्वल के बही खातों को हमेशा अद्यतन रखा जाना चाहिए और उन्हें हमारे सभी लेनदेनों का सटीक विवरण पूर्ण रूप में दिखाना चाहिए। यदि आपको किसी गलती के बारे में पता चलता है, तो आपको उसे ठीक करने के लिए उचित कदम उठाने चाहिए। वित्त से संबंधित झूठे लेनदेनों अथवा गलतबयानियों से मार्वल की नीतियों का उल्लंघन होता है और कानून का भी उल्लंघन हो सकता है।

**प्र. मेरे प्रबंधक ने मुझे एक ऐसे वित्तीय रिकॉर्ड पर हस्ताक्षर करने के लिए कहा है जो मेरे विचार में सटीक नहीं है, लेकिन मेरे प्रबंधक अड़े हुए हैं कि वह सही है। मुझे क्या करना चाहिए?**

उ. यदि आपको लगता है कि यह पूर्ण, सटीक और सत्य नहीं है, तो व्यवसाय रिकॉर्ड पर कभी हस्ताक्षर न करें। न तो आपके प्रबंधक और न ही किसी और को गलत तरीके से रिकॉर्ड बनाने या हस्ताक्षर करने के लिए आपको प्रभावित, ज़बरदस्ती या हेरफेर करने के लिए दबाव डालना चाहिए। यदि आपको लगता है कि आप पर दबाव डाला जा रहा है, तो आपको अपनी चिंताओं को अपने प्रबंधक या कानूनी विभाग के साथ साझा करना चाहिए और/या मार्वल की गोपनीय कंसर्न लाइन पर एक रिपोर्ट करना चाहिए।

**मार्वल कंसर्न लाइन**

**concernline.marvell.com पर 24/7 समस्या की रिपोर्ट करें**

## रिकॉर्ड बनाए रखना और कानूनी रोक

व्यापारिक रिकॉर्ड का प्रबंधन और निपटान, मार्वल की डेटा प्रतिधारण नीति और अनुसूची के अनुरूप किया जाना चाहिए। समय-समय पर, मार्वल उन विवादों या पूछताछों में शामिल हो सकता हैं जिनके लिए हमें "कानूनी पकड़" को लागू करने और मामले से संबंधित कुछ दस्तावेजों और रिकॉर्डों को अनिश्चित काल तक संरक्षित करने की आवश्यकता हो सकती है। यदि आपको ऐसा नोटिस मिलता है कि आपके पास मौजूद जानकारी कानूनी रोक की शर्तों अधीन है, तो आपके लिए जरूरी है कि आप किसी भी हाल में रिकॉर्डों या सहायक दस्तावेजों को नष्ट न करें, हटाएं नहीं, उनमें बदलाव या संशोधित न करें।

### प्रमुख संसाधन

डेटा रिटेंशन पॉलिसी और शेड्यूल
वैश्विक भ्रष्टाचार-निरोधक अनुपालन नीति

**मार्वेल कंसर्न लाइन**

**concernline.marvell.com पर 24/7 समस्या की रिपोर्ट करें**

# रिकॉर्ड बनाए रखना और कानूनी रोक



## राजनीतिक योगदान

कोई भी प्रस्तावित राजनीतिक योगदान या किसी भी रूप में, मार्वल की ओर से या उसके नाम पर लॉबिस्टों के साथ किए गए जुड़ाव को कंपनी के मुख्य प्रशासन और कानूनी अधिकारी द्वारा पूर्व-अनुमोदित होना चाहिए।

## लोक सेवा और स्वयंसेवा

मार्वल उन समुदायों के लाभ और समृद्धि के लिए जिनमें हम रहते हैं और सेवाएं देते हैं, धर्मार्थ संगठनों के साथ मिलकर काम करता है और योगदान देता है। मार्वल अपने कर्मचारियों को प्रोत्साहित करता है कि वे अपने समुदायों में सक्रिय रहें; लेकिन, आपको मार्वल तथा अपनी जन सेवा या स्वयंसेवा के बीच किसी भी तरह के हितों के टकराव को टालना जरूरी है, और आपके लिए यह भी जरूरी है कि जिस संगठन के लिए आप स्वयंसेवा दे रहे हैं उसे स्पष्ट कर दें कि आप मार्वल के लिए या मार्वल की ओर से काम नहीं कर रहे हैं।

## मानवाधिकार

मार्वल बाल श्रम, मानव तस्करी, जबरदस्ती कराए जाने वाले श्रम, बंधुआ मजदूरी अथवा करारनामे वाले बंधुआ श्रम, अथवा शारीरिक सजा में संलिप्त नहीं होता है। हम अपने परिचालनों एवं आपूर्ति श्रृंखला में इन प्रथाओं को रोकने के लिए वचनबद्ध है। हम जहां कारोबार करते हैं वहां अंतरराष्ट्रीय तौर पर मान्यता प्राप्त मानवाधिकारों का सम्मान करते हैं, तथा अपने आपूर्तिकर्ताओं के परिचालनों में कर्मचारियों के अधिकारों का समर्थन करते हैं।

## प्रमुख संसाधन

वैश्विक मानवाधिकार नीति

**मार्वेल कंसर्न लाइन**

**concernline.marvell.com पर 24/7 समस्या की रिपोर्ट करें**

# कार्रवाई करना



## संसाधन

मार्वल कई संसाधन प्रदान करता है, जिनसे आप किसी भी समय संपर्क कर सकते हैं, आपके लिए प्रश्न पूछ सकते हैं या चिंता बढ़ा सकते हैं। यदि आपके मन में इस संहिता की प्रयोजनीयता अथवा कानून के बारे में प्रश्न हों, अथवा आप अनिश्चित हों कि कोई प्रस्तावित कार्रवाई कानून के अनुपालन में है या नहीं, तो अनुपालन टीम से संपर्क करें। यदि आप अनुपालन विफलताओं के बारे में रिपोर्ट करना चाहते हैं या अनुपालन मामलों से संबंधित सरोकार व्यक्त करना चाहते हैं, तो आपका प्रबंधक सबसे अच्छी तरह से आपकी सहायता कर सकता है (बशर्ते आप यह न मानते हों कि आपका प्रबंधक उल्लंघन में शामिल है); तथापि, आपके लिए कई संसाधन उपलब्ध हैं जो कठिन स्थिति के समाधान में मार्गदर्शन कर सकते हैं। **यदि आपको संहिता या कानून के अनुपालन के संबंध में कोई परेशानी है तो आपको अपनी आवाज़ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। यदि आपको संहिता या कानून के उल्लंघन के बारे में पता चलता है, तो आप इसकी रिपोर्ट करने के लिए बाध्य हैं। आपको वह संसाधन चुनना चाहिए जिसमें आप बोलने या रिपोर्ट करने में सबसे अधिक सहज महसूस करते हैं, जिसमें शामिल हैं:**

- कोई कार्यपालक या अन्य प्रबंधक जिस पर आपको भरोसा हो
- मानव संसाधन;
- अनुपालन टीम;
- COI समीक्षा समिति;
- कानूनी विभाग; तथा
- मार्वल की कन्सर्न लाइन, जिसका उपयोग गुमनाम तरीके से किया जा सकता है और यह दिन में 24 घंटे, प्रतिदिन http://concernline.marvell.com पर उपलब्ध है। आप कन्सर्न लाइन पर दिए गए स्थानीय फोन नंबरों पर भी कॉल कर सकते हैं।

**मार्वेल कंसर्न लाइन**

**concernline.marvell.com पर 24/7 समस्या की रिपोर्ट करें**

## संहिता का अनुपालन

इस नीति का उल्लंघन करने से कर्मचारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है, जिसमें बर्खास्तगी तक शामिल है। स्वतंत्र संविदाकारों, सलाहकारों और मार्वल के साथ व्यवसाय करने वाले अन्य लोगों द्वारा इस संहिता का उल्लंघन करने से, उस व्यक्ति की कंपनी को अनुबंध समाप्त करना पड़ सकता है, अथवा मार्वल के लिए यह आवश्यक हो सकता है कि वह ऐसे उल्लंघन को आपराधिक मुकदमे या दीवानी कार्यवाही के लिए रेफर करे।

## रिपोर्ट करने की प्रक्रियाएं और अन्य पूछताछ

यदि आपके मन में कभी इस संहिता, अन्य मार्वल नीतियों अथवा कानून में दी गई किसी भी चीज़ के बारे में कोई प्रश्न या चिंता हों, तो आपको उन्हें जल्दी से जल्दी उठाना चाहिए। यदि आपको किसी विशेष स्थिति में सर्वोत्तम कार्रवाई के बारे में संदेह हो, तो सहायता मांगें। यदि आपको किसी अनैतिक आचरण या संहिता, या मार्वल कीअन्य नीतियों या कानून के उल्लंघन का संदेह है, या यदि आप कुछ ऐसा देखते हैं जो आपको सही नहीं लगता है, तो आपको तुरंत इसकी रिपोर्ट करनी चाहिए।

मार्वल नेकनीयती से किए गए सभी वार्तालापों, संहिता के अनुसरण में की गई कॉलों और रिपोर्टों को गंभीरता से लेता है, और किसी संदिग्ध गलत आचरण की रिपोर्ट करने के लिए आपके द्वारा की जाने वाली त्वरित कार्रवाई से, मार्वल और उसकी प्रतिष्ठा को होने वाले किसी भी नुकसान को रोकने या सीमित करने में मदद मिल सकती है।

कृपया नीचे सूचीबद्ध संसाधनों से परामर्श करें। पर्यवेक्षकों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी क्षमता के अनुसार उनके सामने लाए गए किसी भी उल्लंघन या चिंताओं की तुरंत रिपोर्ट करेंगे। यदि आप गुमनाम रिपोर्ट करने को तरजीह देते हैं, तो आप मार्वल की कंसर्न लाइन पर संपर्क कर सकते हैं। जब आप अपनी चिंताओं को प्रस्तुत करें, तो कृपया अधिक से अधिक विस्तृत जानकारी दें ताकि आपकी चिंता के मामले में प्रभावी जांच सुनिश्चित की जा सके। यह तब विशेष रूप से महत्वपूर्ण है जब आप गुमनाम आधार पर कोई शिकायत प्रस्तुत करते हैं, क्योंकि हम अतिरिक्त जानकारी या स्पष्टीकरण का अनुरोध करने के लिए आपसे संपर्क नहीं कर सकेंगे।

**आप निम्नलिखित के बारे में मार्वल के निदेशक मंडल अथवा लेखा-परीक्षा समिति को भी चिंताओं की रिपोर्ट कर सकते हैं:**

- लेखांकन, आंतरिक लेखांकन नियंत्रण और लेखा-परीक्षा मामले, अथवा वित्तीय विवरणों या लेखा-परीक्षा मामलों की शुद्धता से संबंधित चिंताएं;
- कारोबारी धोखाधड़ी;
- आचरण, जिसके परिणामस्वरूप लागू कानूनों, नियमों या विनियमों का उल्लंघन हो सकता है या मार्वल, या मार्वल संसाधनों के पर्याप्त कुप्रबंधन में हो सकता है;
- अनैतिक अथवा गैर-कानूनी व्यापार आचरण, अथवा इस संहिता एवं अन्य मार्वल नीतियों का उल्लंघन, जिसमें भेदिया व्यापार निषेध नीति और दिशानिर्देश का उल्लंघन शामिल है।
- जिस प्रमुख बाजार में मार्वल की प्रतिभूतियों का कारोबार होता है, वर्तमान में NASDAQ ग्लोबल सिलेक्ट मार्केट, उसके नियमों या विनियमों का उल्लंघन।

**मार्वल कंसर्न लाइन**

**concernline.marvell.com पर 24/7 समस्या की रिपोर्ट करें**

## संसाधन

मार्वल की गोपनीय कंसर्न लाइन एक अन्य पक्ष सेवा प्रदाता द्वारा प्रशासित की जाती है, और यह प्रतिदिन 24 घंटे, प्रति सप्ताह 7 दिन उपलब्ध है। मार्वल कंसर्न लाइन तक http://concernline.marvell.com पर पहुंचा जा सकता है अथवा कंसर्न लाइन की वेबसाइट पर दिए गए नंबरों पर फोन करके संपर्क किया जा सकता है। कंसर्न लाइन पर गुमनाम तरीके से रिपोर्ट की जा सकती हैं, यदि स्थानीय कानून अनुमति देता हो। चाहे आप अपनी पहचान दें या नहीं, इस संहिता, मार्वल की नीतियों और किसी भी लागू कानून के उद्देश्यों के भीतर तर्कसंगत रूप से जहां तक संभव होगा, आपका संपर्क सख्ती से गोपनीय रखा जाएगा। कंसर्न लाइन के माध्यम से प्राप्त होने वाली रिपोर्टों का अनुपालन टीम द्वारा मूल्यांकन किया जाता है, उन्हें उचित जांचकर्ता को सौंपा जाता है तथा आवश्यक या उपयुक्त होने पर उन्हें बोर्ड या बोर्ड की समिति को भेजा जाता है।

## छानबीन

मार्वेल कर्मचारी द्वारा दुर्व्यवहार की रिपोर्ट और मार्वेल से संबंधित सरकारी एजेंसियों की किसी भी सरकारी जांच या पूछताछ का तुरंत जवाब देगा। मार्वल के कर्मचारी के रूप में, आपको आंतरिक और बाहरी, दोनों तरह की छानबीन या जांचों में सहायता के लिए बुलाया जा सकता है। आपको मार्वल से संबंधित किसी भी पूछताछ या जांच से संबंधित पूरी और सही जानकारी प्रदान करनी चाहिए, और आप किसी भी संबंधित रिकॉर्ड, बही खाते या जांच से संबंधित अन्य दस्तावेजों को नष्ट नहीं कर सकते, जब तक कि ऐसा करने की सलाह कानून द्वारा ना दी जाए। आपको कभी भी किसी कर्मचारी द्वारा इन जांचों का अनुपालन ना करने का प्रयास नहीं करना चाहिए। आप अनुपालन टीम अथवा मुख्य कानूनी अधिकारी से उचित प्राधिकार के बिना अपने आप कोई जांच या छानबीन नहीं कर सकते। आवश्यकता होने पर, मार्वल के जांचकर्ता मानव संसाधन, आंतरिक लेखा-परीक्षा, और/अथवा निदेशक मंडल अथवा बोर्ड की लेखा-परीक्षा समिति से परामर्श कर सकते हैं।

## रिपोर्ट करने वाले और छानबीन में सहायता करने वाले व्यक्तियों की गोपनीयता

आपकी लिखित या मौखिक रिपोर्टों, प्रश्नों और जानकारी को यथासंभव और कानून द्वारा अनुमति दी गई सीमा तक गोपनीय रखा जाएगा। कंसर्न लाइन पर गुमनाम तरीके से रिपोर्टें की जा सकती हैं, यदि स्थानीय कानून अनुमति देता हो। जहां तक कानून के तहत अनुमति होगी, जांच परिणाम न तो किसी को प्रकट किए जाएंगे या न उन पर किसी के साथ चर्चा की जाएगी, सिवाए उनके जिन्हें जांच करने या सुधारात्मक कार्रवाई के लिए उन्हें जायज रूप से जानने की आवश्यकता होगी।

## झूठे आरोप

ऐसे सभी आरोपों को, जो जानबूझकर झूठे हैं या ऐसी जानकारी की सत्यता और सटीकता में विवेकसम्मत विश्वास से रहित हैं, गंभीर अनुशासनात्मक अपराध माना जाएगा।

## प्रमुख संसाधन

मार्वल की छानबीन नीति

**मार्वेल कंसर्न लाइन**

**concernline.marvell.com पर 24/7 समस्या की रिपोर्ट करें**

## मार्वल प्रतिशोध सहन नहीं करेगा

मार्वल किसी भी ऐसे व्यक्ति के विरुद्ध बदला लिए जाने का निषेध करता है जिसने नेकनीयत से वास्तविक या संभाव्य गलत कार्य की रिपोर्ट की हो, चाहे ऐसी रिपोर्ट आंतरिक रूप से या एसईसी सहित किसी लागू विनियामक एजेंसी में की गई हो। मार्वल किसी भी ऐसे व्यक्ति के विरुद्ध भी बदला लिए जाने का निषेध करता है जो ऐसी रिपोर्ट की जांच में भाग लेता है।

## वित्तीय पेशेवरों पर लागू उपबंध

निम्नलिखित उपबंध विशिष्ट रूप से सीईओ, सीएफओ, नियंत्रक और मुख्य लेखा अधिकारी, तथा लेखांकन और वित्तीय रिपोर्टिंग कार्यों के सभी कर्मचारियों (वित्तीय पेशेवरों) पर लागू होते हैं। वित्तीय पेशेवर:

- हमेशा सत्यनिष्ठा के साथ काम करते हुए और अपने सर्वोत्तम स्वतंत्र विवेक का प्रयोग करते हुए, ईमानदार और नैतिक आचरण पर चलेंगे तथा उसे बढ़ावा देंगे;
- व्यक्तिगत और व्यावसायिक संबंधों के बीच वास्तविक अथवा स्पष्ट हितों के टकरावों (सीओआई) से बचेंगे, और संहिता के अनुसार ऐसे सीओआई का प्रकटीकरण करेंगे;
- मार्वल द्वारा एसईसी के पास दायर या प्रस्तुत रिपोर्ट और दस्तावेजों में और मार्वल के अन्य सार्वजनिक संप्रेषणों में पूर्ण, निष्पक्ष, सटीक, समय पर और समझने योग्य प्रकटीकरण करेंगे;
- लागू कानूनों, नियमों और विनियमों के साथ-साथ स्व-नियामक संगठनों के नियमों और विनियमों का अनुपालन करेंगे जिनका मार्वल एक सदस्य है; तथा
- ऊपर बताए गए उपबंधों के किसी भी संभावित उल्लंघन की तुरंत रिपोर्ट करेंगे।

सभी वित्तीय पेशेवरों के लिए यह निषिद्ध है कि वे मार्वल की वित्तीय विवरणियों को भ्रामक बनाने के प्रयोजन से, कंपनी की वित्तीय विवरणियों की लेखा-परीक्षा या समीक्षा के निष्पादन में लगे मार्वल के स्वतंत्र पब्लिक अकाउंटैंट को विवश करने, उससे हेरफेर करवाने की चाल चलने, उसे भटकाने अथवा धोखाधड़ी से प्रभावित करने के लिए कोई भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष कार्रवाई नहीं करेंगे।

निदेशकों और कार्यकारी अधिकारियों से संबंधित उपबंधों से छूट निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित की जाएंगी, और इस प्रकार की सभी छूटों का तुरंत कानून या एसईसी विनियमों की अपेक्षाओं के अनुसार प्रकटीकरण किया जाएगा।

## इस संहिता में संशोधन

इस संहिता में किसी भी महत्वपूर्ण संशोधन को मार्वल के निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया जाएगा, और तुरंत कानून या एसईसी विनियमों की अपेक्षाओं के अनुसार उसका प्रकटीकरण किया जाएगा।

**प्रभावी तिथि: मार्च 2022**
यह दस्तावेज़ मार्वल और उसके कर्मचारियों के बीच रोज़गार का अनुबंध नहीं है, और यह मार्वल के साथ आपके रोज़गार संबंधों को संशोधित नहीं करता है। यह संहिता उचित आचरण के संबंध में आपके मौजूदा दायित्वों को स्पष्ट करने के लिए है। संहिता में निर्धारित मानकों और सहायक नीतियों, दिशानिर्देशों या प्रक्रियाओं में समय-समय पर मार्वल के विवेक अनुसार परिवर्तन हो सकता है। मार्वल के व्यवसाय पर लागू होने वाले वर्तमान कानूनों, विनियमों, मानकों, नीतियों और प्रक्रियाओं के बारे में जानने और उनका अनुपालन करने की ज़िम्मेदारी आपकी है। इस दस्तावेज़ का सबसे वर्तमान संस्करण इंट्रानेट पर my.marvell.com पर, अथवा बाहरी रूप से http://investor.marvell.com/phoenix.zhtml?c=120802&p=irol-govhighlightsपर देखा जा सकता है। मार्वल के सभी निदेशकों, अधिकारियों और कर्मचारियों को इस संहिता के अनुपालन के लिए जवाबदेह ठहराया जाएगा। संहिता की शर्तों का पालन करने में असफलता के परिणामस्वरूप अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है, जिसमें बर्खास्तगी भी हो सकती है। इस संहिता के उल्लंघन से कानून का भी उल्लंघन हो सकता है, और उसका परिणाम उस व्यक्ति, उसके सुपरवाइज़र, और/अथवा मार्वल के लिए दीवानी और फौजदारी जुर्माने के रूप में हो सकता है।

# प्रमुख संसाधन

एकाधिकार व्यापार विरोधी दिशानिर्देश

कन्सर्न लाइन

हितों के टकराव का प्रकटीकरण फॉर्म

कॉन्ट्रैक्ट्स इंट्रानेट साइट

डेटा रिटेंशन पॉलिसी और शेड्यूल

कर्मचारी पुस्तिका

बाहरी संचार नीति

वैश्विक भ्रष्टाचार-निरोधक अनुपालन नीति

वैश्विक उपहार और मनोरंजन पूर्व-स्वीकृति फॉर्म

वैश्विक मानवाधिकार नीति

वैश्विक व्यापार अनुपालन नीति

वैश्विक व्यापार अनुपालन इंट्रानेट साइट

वैश्विक यात्रा और व्यय नीति

मानव संसाधन इंट्रानेट साइट

सूचना प्रणाली स्वीकार्य उपयोग नीति

भेदिया व्यापार निषेध नीति और दिशानिर्देश

छानबीन नीति

ओपन सोर्स नीति और अनुबंध

हमारी व्यावसायिक प्रथाएँ और प्रमुख संसाधन

हमारा कार्यस्थल

प्रकाशन और बोलने का प्राधिकरण प्रपत्र

पुब्लिकेशन नीति

सोशल मीडिया नीति

मानक समिति इंट्रानेट साइट

आपूर्तिकर्ता आचार संहिता

विश्वव्यापी अनुबंध प्रबंधन नीति

MARVELL™

मार्वेल पहले ऐसी गति पर जानकारी को स्थानांतरित करके डिजिटल स्टोरेज उद्योग में क्रांति लाया जिसके बारे में कभी नहीं सोचा गया था वे संभव होंगी। आज, वही महत्वपूर्ण नवप्रवर्तन कंपनी के स्टोरेज, नेटवर्किंग और कनेक्टिविटी समाधानों का केंद्र बना हुआ है। प्रमुख बौद्धिक संपदा और गहन प्रणाली-स्तर के ज्ञान के साथ, मार्वेल के सेमीकंडक्टर समाधान द्वारा एंटरप्राइज़, क्लाउड, ऑटोमोटिव, औद्योगिक, और उपभोक्ता बाज़ारों को बदलना जारी है। अधिक जानकारी के लिए, www.marvell.com पर जाएं।

© 2022 मार्वेल। सभी अधिकार सुरक्षित। MARVELL चिह्न और M लोगो यू.एस. और/या अन्य देशों में मार्वेल और/या उससे संबद्ध कंपनियों के पंजीकृत और/या सामान्य कानूनी ट्रेडमार्क हैं। इस दस्तावेज़ में मार्वेल और/या उससे संबद्ध कंपनियों के अन्य पंजीकृत और/या सामान्य कानूनी ट्रेडमार्क भी हो सकते हैं।